जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

चूरू

Rashtradoot

फोनः- 256906, 256907, फैक्सः- 01562-256908 वर्षः 16 संख्याः 199 प्रभात चूरू, शनिवार 16 नवम्बर, 2024 पो. रजि. न. चूरू/084/2019-21 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## पंजाब व हरियाणा के बीच एक बार फिर लड़ाई शुरु हुई चण्डीगढ़ पर

### इस बार ''जंग'' का कारण है दस एकड़ जमीन का प्लॉट, जो चण्डीगढ़ रेलवे स्टेशन के पास है, जहां हरियाणा अपनी नई विधानसभा बनाना चाहता है

- श्री नन्द झा -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 15 नवम्बर। पंजाब और हरियाणा एक बार फिर चंडीगढ़ की लड़ाई में उलझ गये हैं। पंजाब के नेताओं ने पार्टी लाइन से बाहर जाकर चंडीगढ़ के साथ जमीन के आदान-प्रदान के लिये केन्द्र की कथित पर्यावरणीय स्वीकृति का जबरस्त विरोध किया है। यह स्वीकृति चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन के पास आई.टी. पार्क रोड की तरफ नये विधान सभा भवन के निर्माण के लिये की गई है। दूसरी तरफ हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह से लेकर नीचे तक के भाजपा नेता इस बात को लेकर उत्साहित हैं कि विधनसभा भवन के लिये इस पर्यावरणीय स्वीकृति से उच्च न्यायालय भवन के निर्माण के लिये अतिरिक्त जमीन के इच्छित अधिग्रहण का रास्ता साफ हो जायेगा।

महत्वपूर्ण बात यह है कि इस प्रकार को कोशिशों का विरोध स्वयं पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने भी किया है। उन्होंने इस निर्णय को रद्द करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हस्तक्षेप करने की माँग की है। उन्होंने तर्क दिया है कि इस प्रकार की किसी भी कार्यवाही से ''पंजाबियों की भावनाएं आहत'' होंगी तथा पंजाब के लिये की गई प्रधानमंत्री की सभी पहल धूमिल हो जायेंगी। हरियाणा के पूर्व राज्यपाल ज्ञान चन्द गुप्ता, जिन्होंने इस दिशा में पहल की है, ने शुक्रवार को जोर देते हुये कहा कि पर्यावरण एवं वन के केन्द्रीय मन्त्रालय ने हरियाणा के पंचकूला में 12 एकड़ के एक भूखंड को पर्यावरण एवं वन सम्बन्धी स्वीकृति दे दी है। 12 एकड़ के एक भूखंड के बदले में चंडीगढ़ के साथ इस जमीन की अदला-बदली की जायेगी।

पंजाब का तर्क है कि नया विधान सभा भवन पंचकूला में भी बन सकता है, जो चंडीगढ़ की हरियाणा द्वारा चाही गई जमीन मात्र 2 किमी की दूरी पर ही है। सत्तारूढ़ आप का एक प्रतिनिधिमंडल पंजाब के राज्यपाल गुलाबचन्द कटारिया के मिला था तथा जोर देते हुए उनसे कहा गया था कि ''हरियाणा के विधानसभा भवन के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- हरियाणा की प्रस्तावित विधानसभा की बिल्डिंग को केन्द्रीय सरकार के वन एवम् पर्यावरण मंत्रालय ने ''क्लियरैंस'' (अनुमति) दे दी है।
- इस दस एकड़ प्लॉट को पाने के लिये हरियाणा सरकार ने पंचकुला में 12 एकड़ का प्लॉट, एक्सचेंज (बदले) में देना स्वीकार किया है।
- पंजाब के सभी नेता, चाहे वे किसी भी पार्टी के हों, इस बात पर संगठित व एकजुट हैं कि हरियाणा पंजाब के बीच इस तरह जमीन की अदला बदली है, गैर कानूनी है, क्योंकि यह तो चण्डीगढ़, पंजाब व हरियाणा की सीमाओं को पुनः परिभाषित करने का प्रयास है।
- हरियाणा के नेता अति प्रसन्न हैं, जमीन की अदला बदली के प्रस्ताव को केन्द्रीय पर्यावरण व वन मंत्रालय से स्वीकृति मिलने से रास्ता खुल जायेगा और वे इसके बाद हरियाणा की हाईकोर्ट बिल्डिंग के लिये जमीन एक्सचेंज का प्रस्ताव भेज सकेंगे।
- अटपटी स्थिति पंजाब के राज्यपाल गुलाब कटारिया की है, क्योंकि वे पंजाब के राज्यपाल होने के साथ चण्डीगढ़ के प्रशासक भी हैं, तथा जमीन एक्सचेंज की कार्यवाही उनके ऑर्डर से ही होती है।

## 'अमरनाथ बस दुर्घटना के पीड़ितों को मुआवज़ा दिया जाए'

जयपुर, 15 नवंबर। एम.ए.सी.टी. मामलों की विशेष अदालत ने जम्मू-कश्मीर रोडवेज बस के अमरनाथ जाते समय 16 जुलाई, 2017 को दो सौ फीट गहरी खाई में गिरने के मामले में चार मृतकों के आश्रितों और तीन घायलों को ब्याज सहित कुल करीब 1.48 करोड़ रुपए का मुआवजा देने के आदेश दिए हैं। पीठासीन अधिकारी श्वेता गुप्ता ने यह आदेश मृतकों की आश्रित सीकर निवासी अनिता सैनी, जयपुर के दामोदर शर्मा और नवलगढ के पवन कुमार सैनी सहित घायल हुए शिशुपाल, गोकुल और दिनेश सैनी की कुल सात क्लेम याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए। घटना में कुल 16 यात्रियों की मौत होने के साथ ही 47 यात्री घायल हुए थे।

- मोटर वाहन दुर्घटना मामलों की अदालत ने 16 जुलाई 2017 को अमरनाथ जाते समय हुए बस हादसे में चार मृतकों के आश्रितों व तीन घायलों को 1.48 करोड़ रु. के मुआवज़े के भुगतान का आदेश दिया है।

क्लेम याचिकाओं में अधिवक्ता बसन्त ने बताया कि 16 जुलाई, 2017 को यात्री जम्मू-कश्मीर रोडवेज बस से अमरनाथ बाबा के दर्शन करने जा रहे थे। इस दौरान, बस चालक की गलफत एवं लापरवाही, तथा तेज गति के कारण, बस 200 फीट गहरी खाई में गिर गई थी। दुर्घटना में चालक सहित 16 लोगों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'राहुल गाँधी का हैलिकॉप्टर दो घंटे रोका गया, उड़ने नहीं दिया'

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 नवम्बर। झारखंड के महागामा में एक चुनाव रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा, ''झारखंड में भाजपा ने पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण 27 प्रतिशत से कम करके 14 प्रतिशत कर दिया है। एक तरफ प्रधानमंत्री अपने भाषणों में कहते हैं- ''मैं पिछड़ा वर्ग का हूँ'', दूसरी तरफ पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण कम कर देते है, आपकी जमीन छीन लेते हैं और नोटबंदी के द्वारा आपको बेरोजगार कर देते हैं।''

उन्होंने कहा, ''इसीलिए हमने तय किया है कि झारखंड में अनुसूचित जनजाति आरक्षण 28 प्रतिशत होगा, हम अनुसूचित जाति के लिए 12 प्रतिशत आरक्षण पैदा करेंगे। इसके अलावा अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए हम 27 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करेंगे।''

राहुल गाँधी ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी नरेन्द्र मोदी से डरती नहीं है। उन्होंने मुंबई की धारावी बस्ती बिज़नैसमैन गौतम अडानी को सौंपने देने का आरोप भी लगाया।

राहुल ने कहा, ''हम 56 इंच छाती और मन की बात वाले नरेन्द्र मोदी से नहीं डरते। अरबपति जो भी कहते हैं, नरेन्द्र मोदी वही करते हैं। मोदी जी ने गरीबों का पैसा छीनकर अरबपतियों का 16 लाख करोड़ रुपया माफ कर दिया है। महाराष्ट्र में धारावी की जमीन की कीमत एक लाख करोड़ रुपए है, उसे भी अडानी को सौंपा जा रहा है। सच यह है कि महाराष्ट्र में हमारी सरकार को, जमीन पर कब्जा करने के लिए गिराया गया था।''

उन्होंने, भाजपा तथा आर.एस.एस. सरकारों पर, संविधान को कमज़ोर करने का आरोप लगाते हुए हमला बोला। राहुल गाँधी ने कहा, ''भाजपा और आर.एस.एस. संविधान को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं, संविधान में लोगों की आत्मा है, और वो लोग इसे मिटाने की कोशिश कर रहे हैं। यदि आप संविधान का अनुसरण नहीं करते हैं तो आप देश में अन्याय और नफरत फैलाते हैं, आर.एस.एस. और भाजपा लगातार यह करते रहे हैं। अगर आपको संविधान को भंग करना है तो आगे आइये, आप देखेंगे कि जनता आपसे डरती नहीं है।''

इस दौरान कांग्रेस नेता का हैलिकॉप्टर, एयर ट्रैफिक कंट्रोल से क्लियरैंस नहीं मिलने के कारण झारखंड के गोड्डा शहर से दो घंटे तक उड़ान नहीं भर पाया। राहुल गाँधी के बचाव में, विधायक तथा महागामा विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी दीपिका पांडे सिंह ने कहा, ''सिर्फ इसलिए कि प्रधानमंत्री देवधर में हैं, राहुल गाँधी को उस क्षेत्र के ऊपर से उड़ने की अनुमति नहीं दी गई। हम समझते हैं कि प्रोटोकॉल है, लेकिन कांग्रेस ने 70 सालों तक देश पर राज किया और किसी भी विपक्षी नेता के साथ ऐसी घटना कभी नहीं हुई- - यह स्वीकार्य नहीं है।'' कांग्रेस ने भाजपा पर, जानबूझकर रुकावट डालने का आरोप लगाया, यह संकेत देते हुए

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- कांग्रेस ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री, समीपवर्ती इलाके देवघर में थे तथा उनकी सुरक्षा का बहाना बताकर, राहुल के हैलिकॉप्टर को उड़ने की इजाज़त नहीं दी। कांग्रेस ने भी सत्तर साल केन्द्रीय सरकार चलायी थी, पर प्र.मंत्री की सुरक्षा के नाम पर, ऐसी एक भी घटना किसी भी विपक्षी नेता के साथ नहीं हुई थी।
- राहुल गाँधी ने इस विलम्ब के बाद आयोजित आमसभा को सम्बोधित करते हुए कहा, कि, भाजपा ने झारखंड में ''बैकवर्ड- वर्ग'' का आरक्षण 27 प्रतिशत से घटाकर 14 प्रतिशत कर दिया है। जबकि, प्र.मंत्री हर बार दावा करते हैं, कि, वे ''बैकवर्ड वर्ग'' के हैं।
- राहुल गाँधी ने इस लय में आगे कहा, कि, उनकी पार्टी ने फैसला किया है कि, झारखण्ड अनुसूचित जनजाति (एस.टी.) का आरक्षण 28 प्रतिशत किया जायेगा, तथा उनकी पार्टी एस.सी. (अनुसूचित जाति) के लिए 12 प्रतिशत आरक्षण की सुविधा का सृजन करेगी, तथा ओ.बी.सी. के लिए 27 प्रतिशत रिज़र्वेशन की व्यवस्था करेगी।
- राहुल गाँधी ने यह भी आरोप लगाया, कि, महाराष्ट्र में उनके गठबंधन की सरकार का भाजपा ने तख़्ता इसीलिये पलटा, क्योंकि, भाजपा धारावी की जमीन, जिसकी कीमत एक लाख करोड़ रुपये आंकी जाती है, उद्योगपति अडानी को देना चाहती है।
- राहुल ने यह भी आरोप लगाया कि, प्र.मंत्री मोदी जी, अरबपतियों के हाथ की कठपुतली हैं, तथा उन्होंने उद्योगपतियों के 16 लाख करोड़ रुपये के ऋण माफ किये हैं।

## 'मैरिट के आधार पर मैडिकल कॉलेज आवंटित किए जाएं'

जयपुर, 15 नवंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने नीट यूजी-2024 के स्ट्रे वैकेंसी राउंड से जुड़े मामले में कहा है कि तकनीकी औपचारिकताओं के कारण मेधावी अभ्यर्थियों के मौलिक अधिकारों का हनन नहीं किया जा सकता। अदालत ने कहा कि मेरिट में स्थान प्राप्त करने के आधार पर ही सीटों का आवंटन होना चाहिए। इसके साथ ही, अदालत ने कहा है कि याचिकाकर्ताओं की मेरिट के आधार पर उन्हें मेडिकल कॉलेज आवंटित किए

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- हाईकोर्ट ने कहा कि कोविड के कारण जो तकनीकी औपचारिकताएं निभाई गई हैं उनकी वजह से याचिकाकर्ताओं को उनके मौलिक अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता है।

## कर्नाटक में मुख्यमंत्री ऑफिस की मरम्मत को भाजपा ने फिज़ूल खर्च कहा

### सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री कार्यालय की मरम्मत पर 2.40 करोड़ रु. खर्च हुए हैं

- लक्ष्मण वैंकट कुची -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 15 नवम्बर। कर्नाटक के मुख्यमंत्री एस. सिद्धारमैया द्वारा अपने ऑफिस की मरम्मत पर 2 करोड़ रु. खर्च किया गया है, जो राज्य में एक विवाद का विषय बन गया है भाजपा इस शानदार रैनोवेशन को फिजूल खर्च बता रही है क्योंकि इस समय राज्य आर्थिक संकट से जूझ रहा है। भाजपा को इस भारी खर्च के लिए मुख्यमंत्री और कांग्रेस पर भी निशाना साधा जो कि महंगा फर्नीचर लगा कर मुख्यमंत्री कार्यालय की साज सज्जा कर रहे हैं। भाजपा ने कहा यह सब ऐसे समय पर किया जा रहा है जब कर्नाटक सरकार गारंटी पूरी करने का भारी दबाव है। भाजपा ने कहा इतने महंगे मेक ओवर की क्या जरूरत है।

भाजपा ने कहा सिद्धारमैया व उनका परिवार भ्रष्टाचार में लिप्त है, गरीबों को दी गई जमीनें उनका परिवार हड़प लेता है। इसके जवाब में कहा कि रैनौवेशन मुख्यमंत्री की किसी सम्पत्ति पर नहीं हो रहा है सरकारी कार्यालय का हो रहा है जो कि भविष्य के मुख्यमंत्रियों के काम भी आएगा। कांग्रेस ने मरम्मत में 2.4 करोड़ रु. खर्च होने पर कहा कि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- भाजपा का कहना है, एक ओर तो मंत्रालयों पर गारंटी पूरी करने का दबाव है और उनके पास विकास के लिए फंड नहीं हैं, ऐसे में मुख्यमंत्री कार्यालय की मरम्मत और आधुनिक साज सज्जा पर जो खर्च हो रहा है वह फिज़ूल खर्ची है।
- कांग्रेस का कहना है कि मुख्यमंत्री के सरकारी कार्यालय की मरम्मत हुई है, निजी सम्पत्ति की नहीं, इसका इस्तेमाल आने वाले मुख्यमंत्री भी करेंगे।
- कांग्रेस ने कहा, मुख्यमंत्री कार्यालय 70 साल पुराना है और इसे मरम्मत की सख्त जरुरत थी।

## हाईकोर्ट बार अध्यक्ष ने सी.जे.आई. का सम्मान किया

जयपुर, 15 नवंबर। बार कौंसिल ऑफ इंडिया की ओर से सुप्रीम कोर्ट के नवनियुक्त चीफ जस्टिस संजीव खन्ना का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रहलाद शर्मा ने शिरकत कर चीफ जस्टिस का सम्मान किया।

- बार काउन्सिल ऑफ इंडिया द्वारा नए चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया, संजीव खन्ना के स्वागत में आयोजित कार्यक्रम में राजस्थान हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रहलाद शर्मा भी शामिल हुए।

इस मौके पर, सी.जे.आई. खन्ना ने कहा कि उन्होंने बतौर अधिवक्ता न्यायपालिका में वर्ष 1983 में अपनी यात्रा को शुरू किया था। उन्होंने कहा कि न्यायाधीश न्यायपालिका का महत्वपूर्ण

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

भारतीय प्रेस परिषद
PRESS COUNCIL OF INDIA

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू
राष्ट्रदूत

इस राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर

हमारा समाचारपत्र,
स्वतंत्र निष्पक्ष तथा नैतिक
पत्रकारिता के प्रति अपनी
वचनबद्धता को दोहराता है।

16 नवम्बर

## 'महाराष्ट्र में चुनाव आयोग ने मेरे हैलिकॉप्टर की भी जांच की'

### केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने यह कहते हुए, चुनाव में पक्षपात के आरोपों को खारिज किया और कहा कि भाजपा स्वतंत्र चुनाव पर भरोसा करती है

- डॉ. सतीश मिश्रा -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 15 नवम्बर। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज कहा कि महाराष्ट्र के हिंगोली कस्बे में चुनाव आयोग के अधिकारियों ने उनके हेलिकॉप्टर की चैकिंग की थी। उन्होंने जोर देते हुये कहा कि भाजपा निष्पक्ष चुनावों में विश्वास करती है। विपक्ष इसे एक ड्रामा बता रहा है।

शाह ने एक्स पर डाली गई एक पोस्ट में कहा ''आज महाराष्ट्र के हिंगोली चुनाव क्षेत्र में मेरे चुनाव प्रचार के दौरान चुनाव आयोग के अधिकारियों ने हेलिकॉप्टर की जाँच की। भाजपा निष्पक्ष चुनावों तथा स्वस्थ चुनाव तन्त्र में विश्वास करती है। तथा माननीय चुनाव आयोग द्वारा बनाये गये सभी नियमों का पालन करती है।'' उन्होंने आगे कहा ''हम सब को स्वस्थ चुनाव तन्त्र में अपना योगदान देना चाहिये तथा भारत को विश्व का सबसे मजबूत लोकतन्त्र बनाये रखने के लिये अपने कर्त्तव्यों का पालन करना चाहिये।''

अमित शाह ने यह बात इस समय उजागर की जब शिवसेना (यू.बी.टी.) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने उनके बैगों की चैकिंग पर नाराजगी व्यक्त की थी। इस घटना से आम जनता की इस सोच को और बल मिला कि चुनाव आयोग पक्षपात से काम लेता है तथ यह केवल विपक्षी नेताओं के हेलिकॉप्टरों तथा विमानों को ही चैक करता है।

नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी- शरद चन्द्र पवार (एन.सी.पी.एस.पी.) की नेता सुप्रिया सुले ने भी इस घटना की निन्दा की थी तथा इसे ''गन्दी राजनीति'' बताया था। सुप्रिया सुले ने कहा था कि ठाकरे के बैग दो बार चैक किये गये, जबकि सत्तासीन राजनेताओं के बैगों की चैकिंग इस तरह नहीं की गई। बुधवार को ''स्टैन्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर्स'' (एस.ओ.पी) के अन्तर्गत पालघर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने एक्स पर लिखी पोस्ट में दावा किया कि तलाशी की कार्यवाही महाराष्ट्र की हिंगोली सीट पर चुनाव प्रचार के दौरान हुई।
- अमित शाह के इस बयान को, उद्धव ठाकरे के सामान की चुनाव आयोग द्वारा की गई जांच से जोड़कर देखा जा रहा है, जिसका विपक्ष ने भारी विरोध किया था। विपक्ष शाह के हैलिकॉप्टर की जांच को ड्रामा बता रहा है।
- बुधवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के सामान की भी जांच हुई।
- मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि सत्ता का दुरुपयोग रोकने व पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी नेताओं के हैलिकॉप्टर व सामान की जांच की जा रही है।

## विचार बिन्दु

त्याग यह नहीं कि मोटे और खुरदरे वस्त्र पहन लिए जायें और सूखी रोटी खायी जाये, त्याग तो यह है कि अपनी इच्छा अभिलाषा और तृष्णा को जीता जाये। –सुफियान सौरी

# घरेलू काम करने वाली महिलाओं का अर्थव्यवस्था में बहुत बड़ा योगदान

यूएन वीमेन और यूनाइटेड नेशंस डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमिक एंड सोशल अफेयर्स ने अपनी एक ताज़ा रिपोर्ट में खुलासा किया है कि महिलाओं और पुरुषों के बीच असमानता की खाई अभी भी बहुत गहरी है, जिसे भरना इतना आसान नहीं है। हालांकि कुछ क्षेत्रों में प्रगति हुई है मगर वह बेहद धीमी है। भारत में महिलाओं के सामने सबसे व्यापक मुद्दों में से एक लैंगिक भेदभाव है। महिलाओं के खिलाफ भेदभाव दुनिया में हर जगह प्रचलित है। महिलाएं आज भी अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रही है। महिलाएं पुरुष की तुलना में बेहद संकुचित क्षेत्र में चारदीवारी के भीतर ही रहती आई हैं। हाल ही में एक रिसर्च में पता चला है कि घरेलू काम करने वाली महिलाएं अर्थव्यवस्था में बहुत बड़ा योगदान देती हैं, लेकिन फिर भी उन्हें इसका कोई श्रेय नहीं मिलता। घर और समाज दोनों जगहों पर शोषण, अपमान और भेदभाव से पीड़ित होती हैं। महिला और पुरुष समाज के मूल आधार हैं। समाज में लैंगिक असमानता एक बहुत बड़ी खाई है, जिससे समानता के स्तर को प्राप्त करने का सफर बहुत मुश्किल हो जाता है। जहाँ तक लैंगिक समानता की बात है स्त्री–पुरुष में कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। लैंगिक समानता का अर्थ है हर क्षेत्र में पुरुषों और महिलाओं दोनों को समान अवसर प्रदान करना, चाहे वह कार्यस्थल हो, अर्जित वेतन हो, या प्रदान किए गए अवसर हों। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, अनुच्छेद 15, अनुच्छेद 16 और अनुच्छेद 39 कुछ महत्वपूर्ण अनुच्छेद हैं जो समानता की अवधारणा से संबंधित हैं। वैल्यूएशन ऑफ अनपेडहाउसहोल्डएक्टिविटीज इन इंडिया नाम की एक रिसर्च रिपोर्ट में भारत में घर के काम की आर्थिक कीमत का आंकलन किया गया है। रिसर्च के आंकड़े बताते हैं कि महिलाएं रोजाना सात घंटे से अधिक समय बिना वेतन के घरेलू और देखभाल के काम में लगाती हैं। नौकरीपेशा महिलाएं भी करीब 5 से 8 घंटे इसी तरह के कामों में लगाती हैं। सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक प्रगति के बावजूद वर्तमान भारतीय समाज में पितृसत्तात्मक मानसिकता जटिल रूप में व्याप्त है। इसके कारण महिलाओं को आज भी एक ज़िम्मेदारी समझा जाता है। महिलाओं को सामाजिक और पारिवारिक रुढ़ियों के कारण विकास के कम अवसर मिलते हैं, जिससे उनके व्यक्तित्व का पूर्ण विकास नहीं हो पाता है। हालाँकि हमारे देश में महिला बराबरी के क्षेत्र में कुछ प्रगति हुई है मगर वह नाकाफी है। समाज की मानसिकता में धीरे–धीरे परिवर्तन आ रहा है जिसके परिणामस्वरूप महिलाओं से संबंधित मुद्दों पर गंभीरता से विमर्श किया जा रहा है।

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की 2023 की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि 6 साल से ऊपर की उम्र के लोग रोजाना औसतन 432 मिनट, यानी करीब 7.2 घंटे, बिना वेतन के घरेलू कामों में बिताते हैं। इस अध्ययन में महिलाओं द्वारा किए जाने वाले काम की कीमत लगभग 22.7 लाख करोड़ रुपये आंकी गई है, जो भारत की जीडीपी का करीब 7.5 प्रतिशत है। एक सर्वे के मुताबिक वेतन से लेकर परमोशन के दौरान महिलायें भेदभाव का शिकार हो रही है। कामकाजी महिलाओं का साफ तौर पर कहना है लिंगभेद के कारण वे इसकी शिकार हुई है। कामकाजी महिलाओं को घरेलू जिम्मेदारियों के कारण कार्यस्थल पर भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है। पारिवारिक जिम्मेदारियां उनके विकास में रोड़ा बन रही है। यह स्थिति दुर्भाग्यजनक है।

**स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की 2023 की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि 6 साल से ऊपर की उम्र के लोग रोजाना औसतन 432 मिनट, यानी करीब 7.2 घंटे, बिना वेतन के घरेलू कामों में बिताते हैं। इस अध्ययन में महिलाओं द्वारा किए जाने वाले काम की कीमत लगभग 22.7 लाख करोड़ रुपये आंकी गई है, जो भारत की जीडीपी का करीब 7.5 प्रतिशत है।**

महिला जननी है। देखा जाये तो उनकी विशेष परिस्थितियों को देखते हुए उन्हें अधिक अवसर मिलने चाहिए मगर ऐसा नहीं हो रहा है। पारिवारिक जिम्मेदारियां अभिशाप बन गयी है।

महिला सशक्तिकरण और बराबरी के तमाम दावों के बावजूद आजादी के लगभग सात दशकों बाद भी समाज में महिलाओं की हालत में कोई खास सुधार नहीं आया है । समाज के नजरिए में भी महिलाओं के प्रति अब तक खास बदलाव देखने को नहीं मिला है। विश्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं में बढ़ती शिक्षा के बावजूद देश में आर्थिक मोर्चे पर उनकी भागीदारी में गिरावट आई है। इसकी वजह यह है कि ज्यादातर परिवारों में अब भी महिलाओं को घर से दूर रह कर नौकरी करने की इजाजत नहीं है। घर–परिवार व पति से दूर रह कर नौकरी करने वाली महिलाओं को समाज में अच्छी निगाहों से नहीं देखा जाता। आज के आधुनिक युग में भी पुरुषों और महिलाओं के बीच असमानता खुलेआम देखी जाती है। यह भेदभाव न केवल कार्यस्थलों पर बल्कि अपने घरों में भी पाते हैं। बहुदा यह देखा जाता है महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक अवसरों से वंचित रखा जाता है। उन्हें अपनी राय रखने की अनुमति नहीं है और वे अपने घरों तक ही सीमित हैं, जिससे वे पूरी तरह से पुरुषों पर निर्भर हैं। महिला के लिए अपने संवैधानिक अधिकारों के बारे में जागरूक होना महत्वपूर्ण है, खासकर ऐसे समाज में जहां लैंगिक भेदभाव और महिलाओं के खिलाफ हिंसा अभी भी प्रचलित है। अपने अधिकारों को जानना उन्हें किसी भी प्रकार के अन्याय, दुर्व्यवहार या भेदभाव के खिलाफ खड़े होने और आत्मविश्वास और सम्मान के साथ जीवन जीने के लिए सशक्त बना सकता है। समाज के लिए एक बेहतर भविष्य का निर्माण करना भी आवश्यक है, जहां हर कोई बिना किसी डर के और एक–दूसरे के प्रति सम्मान के साथ रह सके। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार विश्व की समूची संपत्ति में केवल 2 प्रतिशत मालिक महिलाएं हैं। चल–अचल संपत्ति में भी भारी असमानता है। महिला को हमने चौकी चूल्हे तक सीमित कर रखा है। साथ घूमने, सिनेमा देखने या शॉपिंग पर ले जाने मात्र से महिला को उसके अधिकार नहीं मिल जायेंगे। इसके लिए हमें अपनी संकीर्ण सोच के दायरे से बाहर निकलना होगा। मानसिकता बदलनी होगी। नजरियाँ साफ करना होगा। अपनी और दूसरे की बेटी को एक समझना होगा। ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों में महिलाओं को दोयम दर्जे की मार से जूझना पड़ रहा है। यूनीसेफ की रिपोर्ट यह बाताती है कि महिलाएं नागरिक प्रशासन में भागीदारी निभाने में सक्षम हैं। यही नहीं, महिलाओं के प्रतिनिधित्व के बगैर किसी भी क्षेत्र में काम ठीक से और पूर्णता के साथ संपादित नहीं हो सकता।

**–अतिथि सम्पादक,**
**बाल मुकुन्द ओझा,**
**( वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार )**

## राशिफल शनिवार 16 नवम्बर, 2024



पंडित अनिल शर्मा

मार्गशीर्ष मास कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा तिथि, शनिवार विक्रम सम्वत 2081, कृत्तिका नक्षत्र सायं 7.28 तक, परिद्य योग रात्रि 11.47 तक, बालव करण दिन 1.25 तक चन्द्रमा आज वृष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति** – सूर्य–तुला, चन्द्रमा–वृष, मंगल–कर्क, बुध–वृश्चिक, गुरु–वृष, शुक्र–धनु, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में संचार करेगा।

आज सवार्थसिद्धि योग ओर अमृतसिद्धि योग सायं 7.28 से सूर्योदय तक है। आज मार्गशीर्ष संक्रांति है। सूर्य वृश्चिक में प्रातः 7.32 से प्रवेश करेगा। पुण्य काल दिन 1.56 तक है पदमक योग सायं 7.28 तक रहेगा।

श्रेष्ठ चौघडिया – शुभ 8.11 से 9.31 तक, चट 12.11 से 1.32 तक, लाभ–अमृत – 1.32 से 4.12 तक

**राहुकाल** – 9.00 से 10.30 तक, सूर्योदय 6.51 सूर्यास्त 5.32

### मेष
मेष – व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करे। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। घर–परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न हो सकते है।

### वृष
वृष – व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी बनी रहेगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। नवीन कार्यो के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी।

### मिथुन
मिथुन – आर्थिक–वित्तीय मामलों में संतुलन बनाये रखना ठीक रहेगा। घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों के कारण भाग–दौड रहेगी। वाणि पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा।

### कर्क
कर्क – व्यावसायिक कार्यो को प्राथमिकता से करने का प्रयास करे। व्यावसायिक सम्पर्क बनेगे। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से सम्पर्क बनेगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

### सिंह
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करे। व्यावसायिक सम्पर्क बनेंगे। प्रतिष्ठि व्यक्तियों से व्यायावसायिक सम्पर्क बनेंगे। आर्थिक स्थिति ठिक होगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

### कन्या
कन्या – अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यो को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा में दुर्घटना का भय है।

### तुला
तुला – परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य संपन्न हो सकते है। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। सामुहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### वृश्चिक
वृश्चिक – परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। परिवार में मांगलिक सामाजिक समारोह संपन्न हो सकते हैं। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।


### धनु
धनु – परिजनों के व्यवहार के कारण दुःख हो सकता है। आपसी ईर्ष्या वैमनस्यता के कारण परेशानी हो सकती है। खान–पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है। व्यावसायिक खर्चों में वृद्धि होगी।

### मकर
मकर – घर–परिवार में शुभ–मांगलिक–धार्मिक कार्य संपन्न हो सकते हैं। परिवार में अथितियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक कार्य के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। परिवार में वाद–विवाद टालना ठीक रहेगा।

### कुंभ
कुम्भ – परिवार में मांगलिक–धार्मिक कार्य संपन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में सुख–सुविधाएं बडेगी। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मीन
मीन – परिवार में शुभ–मांगलिक संदेश प्राप्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

# पुस्तक समीक्षा : बेतुकी दुनिया में तुक की बात



राजेश्वर सिंह

लोकेश कुमार सिंह साहिल के गजल संग्रह तुक की गजलों के सीमित दायरे में लगभग समूचा जीवन अपने अछोर विस्तार और असीम गहराई के साथ मौजूद है। यहाँ जीवन है, जीवन का उद्देश्य है, उद्देश्य की साधना है, सिद्धि का उत्सव है, पराजय का स्वीकार है, प्रणय की अभिलाषा है, विरह का विषाद है, अपनत्व का आनन्द है, सम्बन्धों का निर्वहन है और अकेलेपन की गरिमा है।

यहाँ स्व और पर के परे जाकर सम्पूर्ण सृष्टि और समष्टि के विधान और विधाता से जुड़ने व उसे समझने की अन्तहीन अकुलाहट और अबोधगम्य छटपटाहट भी है। देश और काल की सीमा रेखा से परे अनिर्वचनीय सत्य का वह रहस्यमय संसार, जो इस भौतिक जगत के क्रियाकलापों का नियमन, नियंत्रण व निर्देशन करता है, उसे जानने की जिज्ञासा और न जान पाने की निराशा के बीच लघु मानव का मन, हृदय और मस्तिष्क जिन अनुभूतियों से गुजरता है, जिस वैचारिकी का प्रणयन करता है और लोक व्यवहार के जिन नियमों का निर्माण करता है, वे शाश्वत्, सनातन व चिरंतन न होने के बावजूद सामयिक सत्य को परिभाषित अवश्य करते हैं और उनके आलोक में मनुष्य अपने लघु जीवन पथ की यात्रा भलीभांति पूरी कर लेता है। ये गजलें ऐसी ही अनुभूतियों की अभिव्यक्ति हैं, ऐसी ही वैचारिकी का प्रणयन हैं और ऐसे ही जीवन सूत्रों का निर्माण हैं।

प्रथमदृष्टया जीवन व जगत का कोई प्रयोजन प्रतीत नहीं होता और यदि कोई प्रयोजन है भी तो वह जीवन और जगत के प्रणेता को ही पता होगा, किन्तु इस जीवन को जीने की सरलता व सुगमता के लिए मनुष्य सृष्टि व समष्टि के रंगमंच पर अपनी सम्भावित भूमिका का आकलन करता है, उस भूमिका के लिए स्वयं को तैयार करता है और वह भूमिका प्राप्त हो जाने पर समष्टि से समायोजन कायम करते हुए उस भूमिका का निर्वहन करता है।

आवश्यक नहीं है कि यह आकलन, तैयारी व निर्वहन मनुष्य की अन्तर्निहित क्षमताओं के अनुकूल हो और समष्टि के साथ समायोजन की समस्या तो है ही। जहाँ यह अनुकूलन व समायोजन विद्यमान है, वहाँ सिद्धि का सुख व प्रसिद्धि का परितोष दृष्टिगोचर होता है, किन्तु दुर्भाग्यवश जहाँ ये दोनों तत्व नहीं हैं, वहाँ मनुष्य कुण्ठा, निराशा, हताशा व अवसाद से भर जाता है और उसे जीवन निष्फल व निष्प्रयोजन दिखने लगता है। कई बार ऐसा भी होता है कि सिद्धि व प्रसिद्धि के बावजूद मनुष्य सुख व आनन्द से वंचित ही रहता है। इसी लिए जीवन व जगत के नियम हर स्थिति व परिस्थिति के लिए पूर्ण व पर्याप्त प्रतीत नहीं होते। इसके बावजूद इन नियमों के निर्माण की दिशा में साहिल के प्रयास प्रशंसनीय हैं। एक बानगी दृष्टव्य है–

**बज्म में तू बात अपनी रख मगर**
**हो सलीके मन्द वो गुफ्तार कर।**

जीवन पथ पर चलने के लिए मनुष्य को साथी एवं सहचर की आवश्यकता होती है और इस आवश्यकता की प्रतिपूर्ति कुछ हद तक माता, पिता, भाई, बहिन, परिवार, सम्बन्धी, पड़ोसी, शिक्षक व सहपाठी इत्यादि से होती है किन्तु एक अनन्य एवं अन्तरंग सम्बन्ध की उत्कट व अदम्य आकांक्षा एवं अभिलाषा हर मनुष्य के अन्तस्तल में अन्तर्निहित होती है जहाँ असीम प्रेम हो, एकान्तिक समर्पण हो, अनवरत मुखर व मौन संवाद हो तथा कुछ भी गोपन न रहे। वस्तुतः यह आंकाक्षा भी एक मृगमरीचिका ही है, क्योंकि दो भिन्न अस्तित्वों के मध्य विलयन जैसा यह सुसमायोजन कभी कभी तो संभव है पर सदा और सर्वदा नहीं। इसी लिए हर प्रेमकथा में विरह के और हर प्रणय प्रसंग में पार्थक्य के स्वर भी समाहित होते हैं। साहिल की निम्नलिखित पंक्ति में यह स्वर अत्यन्त मुखरता व प्रखरता के साथ अभिव्यक्त हुआ हैं :–

**नहीं अब नाम तक भी याद उनका कभी सब कुछ हमारे जो रहें हैं।**

बीते हुए जमाने के पानीदार एवं पायेदार लोगों की तहजीब और तमीज के सामने साहिल खुद को और इस जमाने के दीगर लोगों को बौना ही समझते हैं, तभी तो वे कह सके हैं :–

**बात मुझ में भी कुछ तो है लेकिन वो कहाँ जो थी बाप दादों में।**

साहिल पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर के सहयोगी और अनुयायी रहे हैं। चन्द्रशेखर केप्रति उनके मन का श्रद्धा भाव इस किताब के इन्तिसाब में मुखरित होता है। यह इन्तिसाबही भारतीय संविधान की प्रस्तावना की तरह इस किताब के बारे में, इसके प्रणेता के बारे, उनकी वैचारिक पृष्ठभूमि के बारे में, उनके प्रेरणा स्त्रोत के बारे में और उनके सपनों के भारत के बारे में अत्यन्त संक्षेप में सबकुछ कह देता है। उनके दिल और दिमाग में चन्द्रशेखर ही रहे होंगे जब उन्होने यह लिखा होगा :–

**कुछ लोगों का मस्तक छूकर**
**हो जाती है चन्दन मिट्टी।**

इस महान देश की परम्परा विद्वत्ता और वीरता के साथ विनम्रता की रही है। हमारी मान्यता है कि परम पिता परमात्मा ने ही जीवन और जगत के रूप में स्वयं को अभिव्यक्त किया है, इसलिए हम हर पेड़, पहाड़, नदी, समन्दर, जीव और जन्तु के सामने उसमें अन्तर्निहित दिव्यता की वजह से झुकते आये हैं। हमारा यह भी मानना है कि कोई विचारक, चिंतक, विचारक, दार्शनिक, शासक, प्रशासक, सेनापति, वैज्ञानिक, कवि या लेखक इतिहास का आखिरी आदमी नहीं होता। यह धरती रत्नगर्भा और रत्नप्रसूता है। जब तक यह सृष्टि रहेगी, एक से एक विद्वान, बुद्धिमान व बलवान लोग इस धरती परअवतरित होते रहेंगे और अपनी प्रतिभा व पराक्रम से इसे चमत्कृत व गौरवान्वित करते रहेंगे। इसलिए भारतीय परम्परा में विद्वत्ता और वीरता के ऊपर विनम्रता को प्रतिष्ठित किया गया है। शील शक्ति सौन्दर्य समन्वित भगवान राम के गुणों में भी शील को प्राथमिकता प्रदान की गई है। इसलिए साहिल जब ये कहते हैं कि "फकत आता है साहिल तुक मिलाना, नहीं कुछ भी तो तेरी शाइरी में" तो इसे हम उनकी विनम्रता कीअभिव्यक्ति ही मान सकते हैं क्योंकि वे भारतीय परम्परा में रचे बसे व्यक्ति हैं। हमारी तोउनके लिए उन्हीं के शब्दों में यह कामना है –

**दोस्तों ये तुक मिलाना, ये तरन्नुम फिर कहाँ,**
**बाद मेरे ये जमाना, सोचता रह जायेगा।**

**–राजेश्वर सिंह**
**आई.ए.एस. ( सेवानिवृत्त )।**

# पुष्कर को अयोध्या और काशी की तर्ज पर विकसित किया जाएगा : दिया कुमारी

## अन्तर्राष्ट्रीय पुष्कर मेला-2024 के समापन कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री दिया कुमारी ने शिरकत की



**उपमुख्यमंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री दिया कुमारी ने अन्तर्राष्ट्रीय पुष्कर मेला–2024 के समापन समारोह में पुरस्कार दिये।**



**पुष्कर मेला समापन समारोह के दौरान रस्सा कस्सी, मटका दौड़, चम्मच रेस सहित कई रंगारंग कार्यक्रम आयोजित हुये।**

**अजमेर,** (कासं)। उपमुख्यमंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री दिया कुमारी ने कहा कि तीर्थराज पुष्कर को अयोध्या और काशी की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। अन्तर्राष्ट्रीय श्री पुष्कर पशु मेला प्रतिवर्ष पूरी भव्यता के साथ आयोजित होगा, केन्द्र व राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से राजस्थान अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर अग्रणी होगा। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शुक्रवार को अन्तर्राष्ट्रीय पुष्कर मेला–2024 के समापन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित किया।

उन्होंने कहा कि तीर्थराज पुष्कर का पूरे विश्व में विशिष्ट महत्व है। जगतपित ब्रह्मा की नगरी पुष्कर करोड़ों लोगों की आस्था का केन्द्र है। राज्य सरकार पुष्कर के विकास के लिए पूरी गंभीरता के साथ काम कर रही है। पुष्कर का विकास अयोध्या एवं काशी की तर्ज पर सुनियोजित तरीके से किया जाएगा। पुष्कर विकास की बड़ी रूपरेखा तैयार कर कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस साल 6 लाख से अधिक देशी–विदेशी पर्यटक व श्रद्धालुओं ने मेले में भाग लिया है। वर्ष 2019 के बाद पहली बार इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मेले में आए हैं। पर्यटन और धार्मिक दृष्टि से हर साल मेले को पूर्ण भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा। इसके लिए पर्याप्त इंतजाम किए जाएंगे। इस साल 20 हजार से ज्यादा विदेशी पर्यटक भी मेले में आए हैं। देश के प्रत्येक व्यक्ति की भावना पुष्कर से जुड़ी हुई है। मेले और पुष्कर विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि पुष्कर मेले का इतना प्रचार–प्रसार किया जाएगा कि भारत आने वाला व्यक्ति पुष्कर आने की इच्छा रखे। यहां संसाधन भी उसी अनुरूप विकसित किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार देश और राजस्थान में पर्यटन विकास के लिए पूरी गंभीरता से काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं राज्य सरकार राजस्थान को पर्यटन के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए मिल कर काम कर रहे हैं। राजस्थान में पर्यटन विकास के लिए बजट में 5 हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है। राजस्थान को पर्यटन के क्षेत्र में अग्रणी बनाएंगे।

जल संसाधन मंत्री एवं पुष्कर विधायक सुरेश रावत ने कहा कि पुष्कर मेले को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति है। इस बार मेला पूरी तरह सफल रहा है। जगतपिता ब्रह्मा की नगरी तीर्थराज पुष्कर का भव्य विकास किया जाएगा। उन्होंने मेले के सफल आयोजन पर सभी को बधाई दी। रावत ने कहा कि पुष्कर का सुनियोजित विकास किया जा रहा है। सभी को साथ लेकर समन्वित रूप से विकास कार्य करवाए जाएंगे। इससे पूर्व मेले में रस्साकस्सी, मटका दौड़, चम्मच रेस और लोक नृत्यों की शानदान प्रस्तुतियां दी गई। अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर मसूदा विधायक वीरेन्द्र सिंह कानावत, नगर परिषद सभापति कमल पाठक, जिला कलक्टर लोक बन्धु, पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर गजेन्द्र सिंह राठौड़, ज्योति ककवानी सहित प्रशासनिक अधिकारी व जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**■ 'पर्यटन और धार्मिक दृष्टि से हर साल मेले को पूर्ण भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा, इसके लिए पर्याप्त इंतजाम किए जाएंगे'**

# हाईकोर्ट ने एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज मामले में फैसला सुनाया

- **फैसले में हाईकोर्ट ने इस एक्ट से चार जाति सूचक शब्दों को हटाया**
- **हाईकोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि भंगी, नीच, भिखारी, मंगनी जैसे शब्द जातिसूचक नहीं है**

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने एससी–एसटी एक्ट के तहत दर्ज मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। फैसले में हाईकोर्ट ने इस एक्ट से चार जाति सूचक शब्दों को हटा दिया गया है। हाईकोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा– भंगी, नीच,भिखारी, मंगनी जैसे शब्द जातिसूचक नहीं है। मामला अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान विभाग के कार्मिकों से बहस से जुड़ा है, जिसके बाद मामला कोर्ट पहुंचा कोर्ट में सुनवाई करते हुए इन शब्दों का इस्तेमाल करने वाले 4 आरोपियों के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट की धाराओं को हटा दिया। जस्टिस वीरेंद्र कुमार की बैंच ने यह फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने फैसला सुनाते हुए एससी–एसटी एक्ट की धाराओं से बरी कर दिया है।

जानकारी के अनुसार मामला जैसलमेर के कोतवाली थाने का है। यहां 31 जनवरी 2011 को एससी–एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। घटनाक्रम 31 जनवरी 2011 का है। हरीश चंद्र अन्य अधिकारियों के साथ अतिक्रमण अचल सिंह द्वारा किए गए अतिक्रमण की जांच करने गए थे। जब वे साइट का नाप कर रहे थे, तब अचल सिंह ने सरकारी अधिकारी हरीश चंद्र को अपशब्द जिनमें (भंगी, नीच, भिखारी और मांगनी) आदि शब्द कहे। इस दौरान हाथापाई भी हुई। इस पर सरकारी अधिकारी की ओर से अचल सिंह के खिलाफ एससी–एसटी एक्ट का मामला कोतवाली थाने में दर्ज करवाया गया था। इस मामले में चार लोगों पर आरोप लगाए गए थे। इन चारों ने एससी–एसटी एक्ट के तहत लगे आरोप को चुनौती दी थी। इसके बाद हाईकोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए फैसला सुनाया। अपीलकर्ताओं का कहना था कि पीड़ित की जाति के बारे में उन्हें जानकारी नहीं थी। यह तर्क दिया गया कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि घटना सार्वजनिक रूप से हुई, गवाह महज अभियोजन पक्ष ही था। इधर, मामला दर्ज होने के बाद कोतवाली पुलिस की ओर से जांच शुरू की गई। इस दौरान इससे संबंधित कोई सबूत नहीं होने पर इसे झूठा बताया गया। इसके बाद इस पर चार्जेज फ्रेम हुए।

मामले की सुनवाई में अपीलकर्ता के वकील लीलाधर खत्री ने कहा कि अपीलकर्ता को अधिकारी के जाती के बारे में जानकारी नहीं थी। इसके कोई सबूत भी नहीं मिले है कि ऐसे शब्द बोले गए और ये घटना भी जनता के बीच हुई हो। ऐसे में पुलिस की जांच में जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने का आरोप सच नहीं माना गया।

ऐसे में हाईकोर्ट ने आदेश दिए कि भंगी, नीच, मांगनी और भिखारी शब्द जातिसूचक नहीं है और यह एससी/एसटी एक्ट में शामिल नहीं होगा। ऐसे में जातिसूचक शब्दों के आरोप के मामले में अपीलकर्ता को बरी किया लेकिन ड्यूटी करने वाले अधिकारियों को रोका गया है इस पर कार्रवाई जारी रहेगी। कोर्ट के अनुसार यह शब्द जातिसूचक नहीं है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि गालियां प्रतिवादी को अपमानित करने के इरादे से नहीं बल्कि अनुचित माप के लिए दी गई। याचिकाकर्ता का कार्य सरकारी कर्मचारियों द्वारा गलत तरीके से किए जा रहे माप के विरोध में था।

# सरप्लस शिक्षकों और कार्मिकों का समायोजन होगा

**बीकानेर,** (निसं)। राज्य के विभिन्न स्कूलों में सरप्लस चल रहे शिक्षकों और कार्मिकों का समायोजन 12 दिसंबर से प्रस्तावित अर्द्धवार्षिक परीक्षा से पहले होगा। राज्य में स्कूल क्रमोन्नत होने और महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम में बदलाव होने से अनेक शिक्षक अधिशेष चल रहे हैं। इन शिक्षकों का रिक्त पदों पर समायोजन किया जाएगा। माध्यमिक एवं प्रारंभिक दोनों शिक्षा निदेशकों ने संयुक्त हस्ताक्षर से सरप्लस शिक्षकों के समायोजन के लिए 30 बिंदुओं की गाइडलाइन और कैलेंडर घोषित कर दिया है। गाइडलाइन के मुताबिक सरप्लस शिक्षकों का समायोजन पास के स्कूल में किया जाएगा। वहीं, अंग्रेजी माध्यम स्कूल और नव क्रमोन्नत सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में जहां अभी तक पद स्वीकृत नहीं हुए हैं वहां भी स्टाफिंग पैटर्न से पद मानकर अधिशेष शिक्षकों को समायोजित किया जा सकेगा। समायोजन के लिए शिक्षा निदेशालय ने टाइम फ्रेम भी घोषित कर दिया है।

## सार-समाचार

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी पुलिस ने दुकान से चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी ने सैनिक कैंटीन के स्टोर में राशन का सामान चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया था। सीआई भंवरलाल कुमावत ने बताया कि ढाणी सेढुवाली तन नानूवाली बावडी निवासी रोहिताश सैनी पुत्र मातुराम ने 12 नवंबर को रिपोर्ट दी कि नानूवाली बावडी में वह सैनिक कैंटीन स्टोर का संचालन करता है। जिसको वह रात को बंद कर अपने घर चला गया। सुबह आकर देखा तो दुकान का ताला टूटा हुआ था तथा राशन का सामान गायब मिला। थाने में मामला दर्ज होने के बाद सीकर एसपी भूवन भूषण यादव ने निजामपुर मोड़ चौकी प्रभारी राजवीर सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर आरोपी को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस ने आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो सामने आया कि नदी वाली ढाणी का रहने वाले युवक ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। इस दौरान पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर उसके घर दबिश देकर नदी वाली ढाणी तन नानूवाली बावडी निवासी राजू सैनी पुत्र रामेश्वर लाल को गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है तथा सैनिक कैंटीन स्टोर से चोरी किए गए सामान की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी भंवरलाल कुमावत, चौकी प्रभारी एचसी राजवीर सिंह, कांस्टेबल मदनलाल, द्वारका प्रसाद आदि शामिल थे।

### बच्ची पानी की होद में गिरी, जान बचाई

**सूरजगढ़, (निसं)।** कस्बे के समीप काजडा गांव में एक दिल दहलाने वाली घटना हुई। लेकिन किस्मत रही कि एक चार साल की बच्ची की जान बच गई। जानकारी के मुताबिक काजड़ा गांव के रहने वाले व अहमदाबाद प्रवासी अरविंद शर्मा की दो बहनों की शादी 12 नवंबर को थी। शादी से एक दिन पहले 11 नवंबर को सुबह अरविंद शर्मा की चार साल की बेटी दिव्यांका उर्फ चीकू समोसा खाते खाते जब घर के बरामदे में बने पानी की होद तक पास पहुंची तो उसे ध्यान नहीं रहा और वह होद में जा गिरी। पास ही में दिव्यांका की मम्मी प्रिया थी। जिसने दिव्यांका को होद में गिरते हुए देख लिया। जिसके चिल्लाने पर सारे घरवाले होद की तरफ भागे और दिव्यांका को चंद सैकंडों के हिसाब से ही बाहर निकाल लिया। पानी ठंडा था और सर्द मौसम होने के कारण दिव्यांका को ठंड लगने लगी। लेकिन परिजनों ने उसके गीले कपड़े बदले और उसे गर्म कपड़े पहनाए। जिसके बाद भी काफी देर तक दिव्यांका डरी और सहमी रही। जो बार-बार अपनी मम्मी को मुझे बचा लो। बोलती रही। कुछ देर बाद दिव्यांका सामान्य हो गई। घटना का वीडियो आज झुंझुनूं के सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसके बाद चार दिन पहले हुई इस घटना का सभी को पता और वीडियो देखकर एक बार तो सबके रोंगटे खड़े हो गए।

### रश्मि शर्मा को पीएचडी की उपाधि

**झुंझुनूं, (निसं)।** झुंझुनूं जिले के सेही कलां निवासी राजेंद्र शर्मा एवं माता मधु शर्मा की पुत्री तथा जिला मुख्यालय के इंदिरा नगर निवासी अरूण शर्मा-मिनाक्षी शर्मा की पुत्रवधु रश्मि शर्मा ने दिल्ली विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने स्टेटिसटिक्स विषय से उपाधि प्राप्त की है। आपको बता दें कि रश्मि शर्मा, अरूण-मिनाक्षी शर्मा के पुत्र अमित शर्मा की पत्नी है। अमित शर्मा बीटेक है। जो एक फॉरेन कंपनी में काम करते हैं। अमित-रश्मि के दो लड़कियां है। बड़ी बेटी पांच साल की मेहर तथा छोटी बेटी तीन माह की शुभ शर्मा है। सभी लंदन रहते है। रश्मि ने यह उपलब्धि पति की प्रेरणा तथा सास ससुर के विशेष सहयोग से प्राप्त की है। वहीं दादा ससुर गौरीशंकर पुरोहित सेवानिवृत्ति शिक्षा विभाग तथा दादी सास सीता देवी ने भी हौंसला बढ़ाया।

### पंजाबी लोकगायन प्रस्तुत किया

**झुंझुनूं, (निसं)।** जिला मुख्यालय स्थित प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल में प्रकाश पर्व गुरुनानक जयंती मनाई गई। संस्थान निदेशक निर्मल कालेर ने बताया कि इस अवसर पर बच्चों के सामने गुरुपर्व के महत्व को रखा। संस्थान के बच्चों द्वारा सुंदर पंजाबी नृत्य व एक पंजबी लोकगायन प्रस्तुत किया गया। वहीं संस्थान प्रिंसिपल डॉ. अनिता पंत शर्मा ने गुरुनानक के जीवन चरित्र द्वारा अपने जीवन में प्रकाश लाने का संदेश दिया। वहीं प्रिंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर ने सभी को इस गुरु पर्व की बधाई दी। साथ ही नानक के सिद्धांतों को जीवन में उतारने का संदेश दिया। इस अवसर पर संस्थान एकेडमिक डायरेक्टर समीर शर्मा, प्रिंसिपल डॉ. अनिता पंत शर्मा, महेंद्र सैनी व सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### गौवंश को आवारा कहने पर रोक लगाई

**चूरू, (कासं)।** स्वतंत्र रूप से विचरण करने वाले गौवंश को आवारा कहने पर राज्य सरकार की ओर से रोक लगाई गई है। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ ओमप्रकाश ने बताया कि गौशालाओं के आस.पास एवं सड़कों पर व खेत खलिहानों में स्वतंत्र रूप से विचरण करने वाले गौवंश को आवारा कहने पर रोक लगाई गई है। अत: अनुरोध किया गया है कि भविष्य में स्वतंत्र विचरण करने वाले गौवंश के लिए निराश्रित अथवा बेसहारा गौवंश शब्द का प्रयोग किया जावे। समस्त राजकीय एवं अनुदानित संस्थाओं द्वारा भी अपने पत्र व्यवहार एवं सम्बोधन में इसका प्रयोग किया जाए।

### श्रद्धांजलि अर्पित की

**झुंझुनूं, (निसं)।** झुंझुनूं नंदीशाला में काठिया बाबा और भागवताचार्या सुश्री रिद्मम के आतिथ्य में नंदियों को भोग लगवा कर अपने पिता की पुण्यतिथि पर फल सब्जियों का भोग लगाया। काठिया बाबा ने देव दिपावली और संत समाज के समावेशी सनातनी धर्म की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। वहीं भागवताचार्या रिद्मम ने गौवंश की सेवा का महत्व बताया। भाजपा के वरिष्ठ नेता महेश बसावतिया की प्रेरणा से देव दिपावली और पिता के निमित्त भोग का आयोजन किया गया। जिनमें डॉ. भावना शर्मा, रीता शर्मा, निर्मला ढंढारिया, निशा टीबड़ा व संतोष बसावतिया इत्यादि सहित काफी गौ भक्त उपस्थित थे।

### छात्राओं ने पहला स्थान प्राप्त किया

**झुंझुनूं, (निसं)।** जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में वर्ष 2024 का "ताल प्रथम-कृष्णांभा नृत्य कला क्षेत्रम कला क्रेव" का भव्य आयोजन किया गया। इस नृत्य महोत्सव में राजस्थान के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों ने अपनी नृत्य कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। इस नृत्य प्रतियोगिता में डिवाइन इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्राओं के विद्यालय पहुंचने पर संस्था के चेयरमैन राजेंद्र मंडीवाल एवं निदेशक राजेश मंडीवाल ने ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### साहित्य सम्मान समारोह कल

**चूरू, (कासं)।** पंडित मधुकर गौड़ सार्थक साहित्य संस्थान मुंबई की ओर से राजस्थानी भाषा का वार्षिक साहित्य सम्मान समारोह 17 नवम्बर को दोपहर 3 बजे नगरश्री में आयोजन किया जाएगा। जिसमें समारोह की अध्यक्षता श्रीडूंगरगढ़ के श्याम महर्षि करेंगे। जबकि मुख्य अतिथि लाडनूं के डॉ. गजादान चारण होंगे। प्रो.कमल कोठारी ने बताया कि नागौर के डेह के पवन पहाड़िया का सम्मान किया जाएगा। समारोह को लेकर आयोजन सचिव राजेन्द्र शर्मा मुसाफिर, संस्थान की संस्थापक पुनमदेवी मधुकर गौड़, कविता शर्मा, कमलेश गौड़, सविता इंदौरिया व मंजु सिंह आदि समारोह की तैयारियों में जुटे है।

### मंदिर की चारदीवारी के निर्माण की मांग

**सूरजगढ़, (निसं)।** नगरपालिका पार्षद दीपिका नायक सहित राहुल जैदिया ने कस्बे के वार्ड तीन में टीले पर स्थित गोगाजी मंदिर की चारदीवारी के बंद पड़े कार्य को दुबारा चालू करवाने की मांग उठाई है। पार्षद दीपिका व सामाजिक कार्यकर्ता राहुल जैदिया ने नगरपालिका ईओ को ज्ञापन देकर कस्बे की ऐतिहासिक धरोहर टीले पर बने गोगाजी मंदिर की चारदीवारी का अगस्त 2023 में 22.72 लाख रुपए की राशि स्वीकृत कर शुरू किया गया निर्माण कार्य जो सालभर से बंद पड़ा है। उसे चालू करवाने की मांग की है।

### वाल्मीकि संस्कार केन्द्र का शुभारंभ

**पाटन (निसं)।** नीमकाथाना में सेवा भारती समिति राजस्थान, द्वारा महर्षि वाल्मीकि संस्कार केन्द्र का शुभारंभ विनोद कुमार विभाग संघठन मंत्री सेवा भारती के द्वारा भारत माता के चित्र के सामने दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। विनोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्कार केन्द्र प्रतिदिन दो घंटे चलने वाला है, इस संस्कार केन्द्र को प्रताप तरुण व्यवसायी शाखा ने गोद लिया है।

# प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों के दल ने झुंझुनूं का दौरा किया

**झुंझुनूं, (निसं)।** 2024 बैच के प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों का दल शुक्रवार को झुंझुनू पहुंचा। यहां उन्होंने जिला कलेक्टर रामावतार मीणा से मुलाकात कर प्रशासन की बारीकियां समझी।

जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने दल का स्वागत करते हुए उन्हें जिला प्रशासन के विभिन्न कामकाजों व कार्यप्रणाली से अवगत करवाया। इस दौरान जिला परिषद सीईओ कैलाशचंद्र

- कलेक्टर रामावतार मीणा ने समझाई जिला प्रशासन की बारीकियां
- ग्रामीण विकास को समझने के लिए दल ने त्यौंदा और बाकरा का दौरा किया



प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों का दल झुंझुनू पहुंचा।

ने उन्हें ग्रामीण विकास के बारे में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। आदर्श आचार सहित एवं शिकायत प्रकोष्ठ सह प्रभारी एईएन अमित चौधरी ने जिला कंट्रोल रूम एवं चुनावी बारीकियों के बारे मे बताया।

इसके बाद प्रशिक्षु आईएएस विनीत कुमार, समीक्षा मैत्रे, ऐश्वर्या दादाराव व उत्सव प्रशांत ने बाकरा ग्राम पंचायत का दौरा कर वहां ग्राम पंचायत, स्कूल, आंगनबाडी, खेल मैदान, स्वयं सहायता समूह की गतिविधियों को समझा।

वहीं प्रशिक्षु आईएएस नाजिया परवीन, वैशाख बागी, किनले शेरिंग व रेकुलवार शुभम ने खेतडी के त्यौंदा का दौरा कर ग्रामीण विकास को करीब से जाना। शहरी क्षेत्र मे एसटीपी, बीड, कच्ची बस्ती आदि का दौरा किया।

इस दौरान डीएफओ बीएल नेहरा, पंचायत समिति झुंझुनूं की बीडीओ ममता चौधरी, एईएन अमित चौधरी, नगर परिषद एईएन लोकेश दूलड, खेतडी पंचायत समिति बीडीओ महादेव सिंह, सहायक विकास अधिकारी राजेश व सुरेश कांटीवाल आदि साथ रहे।

### बिरसा मुंडा की जयंती मनाई

**चूरू, (का.सं.)।** नेहरू युवा केन्द्र के जिला युवा अधिकारी एम आर जाखड़ ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उन्हें पुष्पांजली देकर याद किया। जाखड़ ने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा विशेष रूप से जनजातीय समाज के उत्थान के लिये भगवान बिरसा मुण्डा के संघर्ष ओर कार्यों सहित उनके समर्पित योगदान के लिये हम उनको याद करते हैं नमन करते हैं तथा आज उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित करते हैं। मीणा महासभा के जिलाध्यक्ष डॉ मोहरसिंह मीणा बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस रूप में आज भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई है तथा सभी से आव्हाना भी किया जाता है कि भगवान बिरसा मुंडा ने जो संघर्ष किया और समाज को एकजुट करने में जो योगदान दिया उनकी जीवनी पढ़कर हम सबको उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम प्रभारी नीरज जांगिड़ ने बताया वि नेहरू युवा केन्द्र संगठन मुख्यालय के निर्देशानुसार नेहरू युवा केन्द्र से संबंध सभी युवा मण्डलों द्वारा सभी ब्लॉक में विद्याल, कॉलेज और स्थानीय युवाओं के सहयोग से कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

# 'जनजाति वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है सरकार'

- धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान आयोजित

**चूरू, (का.सं.)।** जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में शुक्रवार को जिले के राजगढ़ ब्लॉक मुख्यालय पर सांखू फाटक रोड़ स्थित राजकीय महाविद्यालय में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में जमुई बिहार में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम से वीसी के जरिए जुड़ा रहा।

जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि आज भारत भगवान बिरसा मुंडा के जन्म का 150वां वर्ष शुभारंभ होने जा रहा है। इस उपलक्ष में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान हमारे लिए गौरव की बात है। अभियान अंतर्गत जिले का राजगढ़ ब्लॉक के 17 ग्राम पंचायत के 19 गांवों को चुना गया है। राजगढ़ ब्लॉक आशान्वित ब्लॉक भी है। इसलिए इस ब्लॉक में सुविधाओं के विस्तार एवं विकास के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि समाज में आज सामाजिक स्तर पर तो उन्नति हुई है परंतु आर्थिक स्तर पर उन्नति की आवश्यकता को महसूस किया जा सकता है। इस अवसर पर सादुलपुर विधायक मनोज न्यांगली ने कहा कि जीवन को राष्ट्र के लिए बलिदान कर देने वाले आदिवासी समुदाय के नेता भगवान बिरसा मुंडा के जन्म के 150 में वर्ष की शुभारंभ के अवसर पर आयोजित किया जा रहा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का आदिवासी समुदाय के लोगों को अधिकतम लाभ मिले। अभियान अंतर्गत शामिल की गई योजनाओं से प्रत्येक व्यक्ति को जोड़ा जाए व समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ मुहैया हो ताकि प्रत्येक वंचित व्यक्ति समाज के मुख्य धारा में शामिल हो सके। उन्होंने कहा कि हमें भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर संकल्प लेना चाहिए कि हम राष्ट्र और प्रकृति के लिए संकल्पित होकर उनके आदर्शों का अनुसरण करें। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रजिया गहलोत एवं जीतू सिंह मीणा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। बीडीओ पवन ने आभार व्यक्त किया।

इस दौरान एसीईओ दुर्गा ढाका, सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा, महावीर पूनिया, डीओआईटी एसीपी नरेश टुहानिया, एपीआरओ मनीष कुमार, सीबीईओ बबलेश, प्रवर्तन निरीक्षक कृष्ण कुमार, विनोद कुमार मीणा, मानसिंह रैबारी, कालूराम मीणा, अमित मीणा, कृष्ण कुमार मीणा, धनराज सहित अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। संचालन सहायक विकास अधिकारी देवेंद्र सिंह ने किया।

# बदलते परिदृश्य में बढ़ती जा रही मीडिया की चुनौतियां : कुमार अजय

**चूरू, (कासं)।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस के उपलक्ष में शुक्रवार को सूचना केंद्र में इंडियन फैडरेशन ऑफ जर्नलिज्म की ओर से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहयोग से पत्रकारिता के बदलते परिदृश्य पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए सहायक निदेशक जनसंपर्क कुमार अजय ने कहा कि देश में आजादी के आंदोलन और उसके बाद तथा आपातकाल के समय भी पत्रकारिता का सुनहरा इतिहास रहा है। आजादी की लड़ाई में हमारे समस्त महानायकों ने पत्रकारिता के माध्यम से अपनी आवाज को मुखर किया और मीडिया के जरिए जनमानस को जगाने और सत्ता के मद में अंधी गोरी सत्ता को भी चेताने का काम किया। आजादी के बाद भी हमारे यहां एक से बढ़कर एक बेहतरीन पत्रकारिता के उदाहरण रहे हैं। वर्तमान में परिदृश्य बदल रहा है। जहां परम्परागत मीडिया के साथ.साथ नए माध्यमों ने अपनी दखल पेश की है। इसने एक तरफ मीडिया को नई धार, नया तेवर दिया है। वहीं अनेक जगहों पर विश्वसनीयता का भी संकट पैदा हो गया है। ऐसे में मीडिया के समक्ष चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं लेकिन हमें सधे हुए अंदाज में काम करते हुए अपनी विश्वसनीयता और अपने तेवर दोनों को बरकरार रखना है। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्त्वपूर्ण और जन कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने में मीडिया की भूमिका को रेखांकित किया और सभी से सहयोग की अपेक्षा की।

विचार गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ पत्रकार जेपी जोशी ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों को बचाने में हमेशा मीडिया ने अग्रणी भूमिका निभाई है और आज भी जहां.जहां जरूरत होती है। पत्रकारिता लोकतंत्र की रक्षा के लिए खड़ी नजर आती है। लोकतंत्र के इस चौथे खंभे को मजबूत बनाये रखने के लिए जरूरी है कि हम सभी ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ.साथ एकजुटता से अपने काम को अंजाम देते रहें। उन्होंने कहा कि जब हम एकजुट होकर एक स्वर में कोई बात कहेंगे तो निश्चय ही उसकी सार्थकता और सफलता तय होगी। वरिष्ठ पत्रकार देवराज लाटा ने कहा कि पत्रकारिता समाज व व्यवस्था का आईना है। इंडियन फैडरेशन ऑफ जर्नलिज्म के जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने आभार व्यक्त किया और फैडरेशन की गतिविधियों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि सभी पत्रकार साथी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए एक होकर लड़ें तथा सुनहरे अतीत को याद करते हुए एक मिशन की तरह पत्रकारिता करें। मीडियाकर्मियों ने इस दौरान पत्रकार सुरक्षा लागू करने की जरूरत जाहिर की।

# सवाई सागर धाम में देव दिवाली महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया

**चूरू, (का.सं.)।** स्थानीय सवाई सागर बालाजी धाम में गुरुवार देर शाम को देव दिवाली धूमधाम से मनाई गई।

कार्यक्रम का शुभारम्भ चूरू आश्रम के ध्यान नाथ महाराजए मित्र मंडली के बालक नाथ महाराज, मुक्तिधाम के द्वारका नाथ महाराज ने दीप प्रज्वलित कर किया। गौरतलब है कि हर वर्ष कार्तिक पूर्णिमा को देव दिवाली के रूप में मनाया जाता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दिन भगवान शिव ने त्रिपुरासुर राक्षस का वध किया था।

इस उपलक्ष्य में लोग दीपदान करते हैं और इसे देवताओं की दिवाली कहते हैं। कार्तिक पूर्णिमा को स्नान और दान का विशेष महत्व है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन स्नान और दान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। देव दिवाली के दिन काशी यानी वाराणसी में एक अद्भुत नजारा देखने को मिलता है। इस दिन काशी के सारे घाट रोशनी से जगमगा उठते हैं। हजारों लोग घाटों पर दीये जलाते हैं और गंगा नदी में दीपदान करते हैं। कार्तिक पूर्णिमा को त्रिपुरारी पूर्णिमा भी कहा जाता है। इस दौरान सवाई सागर





चूरू के सवाई सागर धाम में देव दीपावली का पर्व दीप प्रज्वलित कर धूमधाम से मनाया गया।

धाम दीपकों की रोशनी से सारोबार नजर आया।

इस अवसर पर महेंद्र पुजारी, गोपीराम शर्मा, सोनू ओझा, नरोत्तम, किशन भाकर, सुरेंद्र, रोहित, कविराज, देवराज, लता, राकेश औझा, बंटी, जयप्रकाश दाधीच, गोरख राम जांगिड़, सुरेंद्र चोटिया, विजय सारस्वत, विनोद हारित, अटल सारस्वत, नीरज सारस्वत, प्रवीण, चिन्नू, मनोज पांडवान, पृथ्वीराज, अशोक सैनी, गणेश शर्मा, राजकुमार जांगिड़, समर जांगिड़, सुशील, महेंद्र प्रजापत, लोकेश अग्रवाल, उषा सारस्वत, सत्यभामा महर्षि, कंचन महर्षि, इंदिरा सैनी, पूर्व पार्षद मोनिका शर्मा, रानी सारस्वत सहित बड़ी संख्या में महिला.पुरूष उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

**रतनगढ (निसं)।** शहर के अशोक स्तंभ के पास स्थित आर्या पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल आर्या कला मंच के प्रांगण में प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस आर्या विद्यालय परिवार के निदेशक अंबिका प्रसाद हारित की अध्यक्षता में मनाया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक साहित्यिक, वेशभूषा व खेल कूद गतिविधियों का आयोजन किया गया। आर्या विद्यालय परिवार के सचिव अनुराग हारित व प्राचार्य अंबिका तिवाड़ी ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पारितोषिक वितरण किए। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने फैंसी ड्रेस वाद-विवाद,सूत्र अंताक्षरी, श्लोक अंताक्षरी, नृत्य, भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिताओं के निर्णायक रेखा पारीक, रक्षा सोनी,नेहा अग्रवाल, आरती शर्मा थी। इन प्रतियोगिताओं में विजेता रहे विद्यार्थियों को मोमेंटो एवं पुरस्कार प्रदान किए गये । सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया। संस्था प्रधान अंबिका तिवाड़ी ने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के जीवन पर प्रकाश डाला। उपप्राचार्य सुभानी महर्षि ने प्रतियोगिताओं का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन संयोगिता स्वामी ने किया।इस अवसर चेतना जोशी, पल्लवी सरावगी, चांदनी शर्मा,खुशबू,राधिका, हर्षा सिंधी, डिंपी चौधरी, सरिता प्रजापत सहित सभी स्टाफ एवं अभिभावकगण उपस्थित थे।

### छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित

**सीकर (निसं)।** एनएच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द कॉन्वेंट स्कूल सीबीएसई भढाडर सीकर में बाल दिवस के अवसर पर आयोजित प्रतिभा खोज परीक्षा का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका, सहनिदेशक गोपाल सिंह, चैयरमेन सुरेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य शांति प्रसाद नेगी ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। समारोह में अतिथियों द्वारा प्रतिभा खोज परीक्षा में उच्च रैंक हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मैडल देकर सम्मानित किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मैधावी छात्रों को गोल्ड मैडल से सम्मानित किया। बाल दिवस के अवसर पर संस्थान के छात्र छात्राओं ने पंडित जवाहर नेहरू की जीवनी पर प्रकाश डाला एवं उनके विचारों को जीवन में उतारने के लिए प्रोत्साहित किया। संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका ने अपने उद्बोधन में परीक्षा में सफलता हासिल करने के लिए टिप्स दिये। इस अवसर पर प्रबंधन सदस्यों सहित स्टाफ एवं बच्चें उपस्थित रहे।

### छात्र सम्मेलन आयोजित

**झुंझुनूं, (निसं)।** सीकेआरडी नर्सिंग कॉलेज में पूर्व छात्र सम्मेलन का समापन हुआ। पिछले दो दिन से चल रहे इस कार्यक्रम में देश का कोने कोने में काम रहे छात्रों व टीचर्स ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भागीदारी निभाई और कार्यक्रम की शोभा बढाई। कॉलेज के सभी पूर्व छात्रों व टीचर्स का सम्मान कॉलेज द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के संचालक डॉ. लालचंद ने इस कार्यक्रम की महत्वता बताते हुए कहा कि पूर्व छात्र सम्मलेन से सभी अपने पुराने दोस्तों और साथियों से मिलने का मौका मिलता है। क्योंकि कॉलेज के बाद सभी अपने अपने जीवन में इतने व्यस्त हो जाते है कि उन्हें दोस्तों के लिए तो बहुत दूर की बात है खुद के परिवार के लिए भी समय नहीं होता है। इस कार्यक्रम के माधयम से हम सब एक जगह सबके साथ एक साथ होते है और वो ख़ुशी का अहसास किसी भी वस्तु मूल्य से भी ऊपर होता है। इसलिए डॉ. ढाका ने इस कार्यक्रम को हर साल 14 नवंबर को सेलिब्रेट करने का फैसला किया। जिसके लिए सभी छात्रों व टीचर्स ने उनका धन्यवाद किया।

### दीपेंद्र धाभाई ने मंडावा का नाम रोशन किया

**मंडावा, (निसं)।** शेखावाटी में गुर्जर गांधी नाम से पहचाने जाने वाले शिक्षाविद बजरंगलाल धाभाई के पौत्र व पर्यटन विशेषज्ञ अशोक धाभाई के पुत्र दीपेंद्र धाभाई का गृह मंत्रालय भारत सरकार के रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया के कार्यालय में डाटा प्रोसेसिंग असिस्टेंट ग्रेड-ए में चयन होने पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी वर्चुअल वेबीनार के माध्यम से बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की है। धाभाई का यह सम्मान मंडावा के लिए गौरव का विषय है। दीपेंद्र धाभाई ने ओबीसी श्रेणी में ऑल इंडिया रैंकिंग में द्वितीय स्थान एवं सामान्य श्रेणी में 44वां स्थान प्राप्त किया है। मंडावा राज परिवार के ठाकुर अंगददेव सिंह, राजस्थान ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष अरविंद पारीक, मधुसुधन खेमानी, पार्षद सपना शर्मा, भाजपा जिला मंत्री संदीप शर्मा, युवा नेता सुनील सैनी, नरेंद्र मोदी विचार मंच के प्रमुख हितेष प्रजापति, मनीष कुमावत, मनोहर सिंह परिहार सहित मंडावा कस्बे के संभ्रात नागरिकों ने दीपेंद्र धाभाई को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### बंद मकान के ताले टूटे

**चिड़ावा (निसं)।** चिड़ावा कस्बे में सुलताना बस स्टैंड के पीछे चौधरी कॉलोनी में बीती रात चोरों ने एक बंद मकान को अपना निशाना बनाया। मकान मालिक रमेश रामावत ने बताया कि पिकसहले 3-4 महीने से वे अपने गांव झांझोत रह रहे थे तथा मकान बंद था। आज सुबह पड़ोसियों ने फोन पर सूचना दी कि आपके मकान के पीछे की साइड का जो दरवाजा है उसकी चौगट टूटी हुई है। सूचना पर वे मकान पर पहुंचे तो देखा मकान का ताला टूटा हुआ है। अंदर जाकर देखा तो घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है। रमेश रामावत ने तुरंत चिड़ावा पुलिस को सूचना दी। चिड़ावा सीआई विनोद सामरिया, चौकी प्रभारी बलबीर चावला सहित पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा। फिलहाल पुलिस मौका-मुआयना कर रही है। साथ ही मकान से क्या-कुछ चोरी हुआ है उसका आंकलन किया जा रहा है।

### 180 यूनिट रक्तदान

**सीकर (निसं)।** एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड, सीकर ने अपना 6वां स्थापना दिवस शुक्रवार को मनाया। इस मौके पर एलन सीकर की ओर से रक्तदान कार्यक्रम आयोजित किया। पीपराली रोड़ स्थित एलन संस्कार कैम्पस में आयोजित रक्तदान कार्यक्रम में एलन फैकल्टीज, एडमिन सदस्यों के अलावा विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। एलन सीकर के एकेडमिक हैड सुरेन्द्र सहारण ने रक्तदान कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर करीब 180 यूनिट रक्तदान हुआ। इस मौके पर सहारण ने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान कर हम किसी भी जरुरतमंद की अप्रत्यक्ष रूप से सेवा करते हैं। रक्तदान से स्वयं का रक्त भी शुद्ध होता है और हम खुद का भी कई बीमारियों से बचाव कर सकते हैं। उन्होनें रक्तदान शिविर में भाग लेने वाले एलन परिवार के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

### शिविर का 210 लोगों ने लाभ उठाया

**झुंझुनूं, (निसं)।** महावीर इंटरनेशनल सनराइज एवं आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय छावनी बाजार के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय केदारमल हलवाई की स्मृति में उनके परिवार द्वारा आयोजित निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर अग्रवाल कटला झुंझुनूं में संपन्न हुआ। शिविर में 210 रोगियों की जांच कर नि:शुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गई। कार्यक्रम में रमाकांत हलवाई, संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड़, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मूंड, देवेंद्र कुमार गौड़, प्रदीप शुक्ला, डॉ. मूलसिंह, शिवप्रसाद महर्षि, अशोक शर्मा, रामगोपाल शर्मा, प्रमोद कुमार, महेश कुमार अग्रवाल एवं काफी संख्या में गणमान्य जन व डॉक्टर्स टीम उपस्थित रहे।

### बाल दिवस मनाया

**रतनगढ़ (निसं)।** स्थानीय केपीएस स्कूल में बाल दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। जिसमे माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया जिसमे निदेशक ओमप्रकाश गोदारा प्रबन्धक निदेशक विजय गोदारा जितेंद्र सिंह, रामनिवास धायल, देवीसिंह शेखावत, सुखदेव सिह, ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर माला पहना कर छात्र एवं छात्राओ ने नृत्य किया तथा कविताएँ की प्रस्तुति दी कार्यक्रम में संस्था निदेशक ओमप्रकाश गोदारा ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के जीवन पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर ओमप्रकाश ढाका, करणसिंह, देवी सिहं, ओमप्रकाश प्रजापत, सुभाष धायल, पूनम शर्मा, किरण शर्मा, पूजा, कृष्णा, तथा सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन मुकेश चावला एवा् कैलाश सांखला ने किया।

### समारोह आयोजित

**चूरू, (कासं)।** हवारीयान वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित प्रथम प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि हाजी दाऊद बहलिम रहे। विशिष्ट अतिथि हाजी अबरार तुगलक, कासम चौहान, फिरोज बेहलीम द्वारा की गई।

**नाम परिवर्तन** मैने मेरा नाम सत्यवती देवी से सत्यवती सारण रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावें। सत्यवती सारण पत्नी सिपाही स्व. हरीश चंद्र, गांव ढाणी पुनिया पोस्ट ऑफिस झाइसर छोटा तह. तारानगर जिला चूरू (राज.)

# जयपुर में छोटी और बड़ी चौपड़ को बम से उड़ाने की धमकी

## सात थानों की पुलिस और डॉग स्कवॉड टीम ने करीब 4 घंटे तक परकोटा क्षेत्र में तलाशी ली





जयपुर में छोटी-बड़ी चौपड़ को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस और डॉग स्कवॉड टीम ने परकोटा क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया।

- **शुक्रवार सुबह एक युवक ने पुलिस कंट्रोल रूम में फोन करके छोटी व बड़ी चौपड़ को बम से उडाने की धमकी दी थी**
- **पुलिस ने इस मामले में एक युवक को डिटेन कर लिया है, अब उससे पूछताछ की जा रही है**

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में छोटी-बड़ी चौपड़ को बम से उडाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस में खलबली मच गई। आनन-फानन में पुलिस और डॉग स्कवॉड टीम ने करीब 4 घंटे तक दोनों जगहों पर सर्च अभियान चलाया। तलाशी में कुछ भी नहीं मिलने पर पुलिस ने राहत की सांस ली। इस सर्च अभियान में सात थानों की पुलिस शामिल रही। बताया जा रहा है कि पुलिस ने इस मामले में एक युवक को डिटेन कर लिया है।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे छोटी चौपड़ और बड़ी चौपड़ को बम से उडाने की धमकी भरा कॉल पुलिस कंट्रोल रुम में आया था। इस पर कोतवाली और माणकचौक थाना पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पुलिस के आलाधिकारियों के साथ अन्य थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और सर्च अभियान चलाया गया। सूचना मिलते ही बम स्क्वायड, डॉग स्क्वायड समेत पुलिस की टीमें मौके पर पहुंची। चप्पे-चप्पे पर तलाशी ली गई, लेकिन कहीं पर भी कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

कोतवाली थानाधिकारी राजेश शर्मा ने बताया कि छोटी चौपड़ पर बम रखा होने की सूचना कंट्रोल रुम ने दी थी। इस पर 4 घंटे तक आस-पास के इलाके को खंगाला गया, लेकिन कुछ भी नहीं मिला। एडिशनल डीसीपी उत्तर प्रथम बजरंग सिंह ने बताया कि बड़ी चौपड़ और छोटी चौपड़ पर बम रखा होने की सूचना कंट्रोल रुम से मिली थी। इस पर कोतवाली, माणकचौक सहित उसकी सर्किल के थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों जगहों के आस-पास करीब 100 मीटर की दूरी में सर्च किया गया। सर्च में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। किसी अज्ञात व्यक्ति ने पुलिस कंट्रोल रूम में फोन करके भय फैलाने के लिए बम की झूठी सूचना दी थी।

एडिशनल पुलिस कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 11.30 बजे कंट्रोल रुम में एक फोन कॉल आया था। कॉल कर्ता ने छोटी चौपड़ और बड़ी चौपड़ को बम से उडाने की धमकी दी गई थी। कंट्रोल रुम ने इसकी सूचना सम्बंधित थाना पुलिस को दी। सूचना पर सर्च अभियान चलाया गया। सर्च अभियान में कई थानों की पुलिस शामिल रही। सर्च में कुछ भी नहीं मिला। यह एक फेक कॉल थी।

गौरतलब है कि राजधानी जयपुर में पिछले कुछ माह में स्कूल-कॉलेज, अस्पताल और एयरपोर्टस को बम से उड़ाने की कई बार धमकी मिल चुकी है। सभी धमकियों के बाद जांच की गई, लेकिन कुछ भी नहीं मिला। अक्टूबर महीने के अंत तक देश भर में 400 फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी दी जा चुकी थी। वहीं, जयपुर और जोधपुर से उड़ान भरने वाली फ्लाइट को बम से उड़ाने की भी लगातार धमकियां मिलती रही है। अप्रेल में होटल्स को बम से उड़ाने की धमकियां मिल चुकी हैं। जयपुर एयरपोर्ट को 6 बार बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है।

# महवा नगर पालिका चेयरमैन के निलंबन पर हाईकोर्ट की रोक

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने दौसा जिले की महवा नगर पालिका चेयरमैन नर्बदा देवी गुर्जर को राहत देते हुए उसे निलंबित करने वाले स्वायत्त शासन विभाग के गत एक अक्टूबर की क्रियान्विति पर अंतरिम रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने राज्य सरकार से मामले में अन्य दोषी अफसरों के खिलाफ की जाने वाली कार्रवाई का ब्यौरा देने को कहा है। जस्टिस महेन्द्र कुमार गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश नर्बदा देवी गुर्जर की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता प्रशांत कुमार ने अदालत को बताया कि स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक ने गत एक अक्टूबर को आदेश जारी कर याचिकाकर्ता को महवा नगर पालिका के चेयरमैन के पद से निलंबित कर उसके खिलाफ जांच करने का निर्देश दिया था। इसे हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा कि तथ्यात्मक रिपोर्ट व जांच रिपोर्ट में उसका कहीं पर भी नाम नहीं है। इसके बावजूद उसे दुर्भावनापूर्वक चेयरमैन पद से निलंबित कर हटाए जाने की कार्रवाई की जा रही है। जिन जांच रिपोर्ट पर उसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, उनमें अन्य दोषी अफसरों के नाम है। जबकि उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। याचिकाकर्ता एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि है और उसका कार्यकाल 25 नवंबर को खत्म हो रहा है। उसे केवल निलंबन आदेश के जरिए ही पद से नहीं हटाया जा सकता। इसलिए उसे निलंबित करने वाले आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगाई जाए और उसे पद पर कार्य करते रहने दिया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने निलंबन आदेश पर अंतरिम रोक लगाते हुए मामले में अन्य अफसरों पर की जाने वाली कार्रवाई का ब्यौरा पेश करने को कहा है।

## गुरू नानकदेव के प्रकाश पर्व और बिरसा मुण्डा की जयंति पर अर्पित किए श्रद्धासुमन

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने आज सिख धर्म के प्रथम गुरू गुरूनानक देव के जन्मोत्सव और भगवान बिरसा मुण्डा की जयंति के अवसर पर प्रदेश कार्यालय में उनके चित्र के समक्ष श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने राजा पार्क स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में संगत के दर्शन कर मत्था टेका और कीर्तन श्रवण किया। इस दौरान राठौड़ ने लंगर सेवा कर प्रसाद ग्रहण किया।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि आज दो महापर्व एक साथ मनाने का सौभाग्य हमें मिल रहा है। एक ओर समाज के गौरव भगवान बिरसा मुण्डा जंयति और दूसरी ओर गुरूनानक देव का प्रकाश पर्व एक साथ मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं वर्षगांठ मनाने का आव्हान किया है।

## 'कांग्रेस ने आदिवासी महापुरूषों के बलिदान को तोड़-मरोडकर लोगों के सामने किया पेश'

**जयपुर।** भाजपा एस.टी. मोर्चा राजस्थान प्रदेश द्वारा बस्सी स्थित तिलक पी.जी. कॉलेज में भगवान बिरसा मुण्डा की 150 वीं जन्म जयंती जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी, राज्यसभा सांसद डॉ. राधामोहन दास अग्रवाल एवं विशिष्ठ अतिथि भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मोती लाल मीना रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश संयोजक एस.टी. मोर्चा नारायण मीना ने की। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित करके एवं भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्यय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं बिरसा मुण्डा के चित्रों पर पुष्पाजंलि अर्पित कर की गई।

डॉ. राधामोहन दास अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस ने आदिवासी महापुरूषों के बलिदान को तोड़-मरोडकर लोगों के सामने पेश किया। डॉ अग्रवाल ने महापुरूषों की वीर गाथा का गुणगान किया और कहा कि आजादी के आन्दोलन में पहला बलिदान तिलक मांझी ने दिया, किंतु देश से गोरे अंग्रेज चले गए। यहां के काले अंग्रेजों ने जनजातियों के आजादी के बलिदान एवं प्रथम स्वतंत्रता आन्दोलन में दिए गए बलिदान को इतिहास में स्थान नहीं दिया। सिद्धू मुर्मू, कान्हू मुर्मू चांद मुर्मू एवं भैरव मुर्मू ने 1855-56 संथाल विद्रोह का आन्दोलन किया तथा नारा दिया "करो या मरो अंग्रेजो हमारी माटी छोडो" तथा रानी गाइदिन्ल्यू आदि जनजाति नायकों का जिक्र किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बिहार के जमुई से सम्बोधन का लाइव प्रसारण देखा गया।

# 'राजनीति में कुछ भी स्थाई नहीं होता, कल कुछ भी संभव'

- **भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस बार एक मुखी होकर पार्टी के लिए लड़ा चुनाव, ये ही हमारी पूंजी और भाजपा की विशेषता : मदन राठौड़**
- **भाजपा प्रदेश कार्यालय में सदस्यता अभियान और संगठन पर्व को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित**

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज प्राथमिक, सक्रिय सदस्यता अभियान एवं संगठन पर्व समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा कि राजनीति में कुछ भी स्थाई नहीं होता, कल कुछ भी हो सकता है। ऐसे में हम सभी को संगठन के प्रति ईमानदारी से लक्ष्य निर्धारित कर कार्य योजना को मूर्त रूप देने का प्रयास करना चाहिए। संगठन का पदाधिकारी कमल के लिए कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर कार्य करेगा तो हर प्रत्याशी और जनप्रतिनिधि भी उसको महत्व देगा।

भाजपा प्रदेश प्रभारी ने भाजपा जिलाध्यक्षों से कहा कि "ख़ुदी को कर बुलंद इतना कि हर तक़दीर से पहले. ख़ुदा बंदे से ख़ुद पूछे बता तेरी रज़ा क्या है" इन पंक्तियों को आप सदस्यता अभियान के माध्यम से साबित कर सकते हो। आप संगठन के लिए कार्य करो, जनप्रतिनिधि आप के लिए कार्य करेंगे। सदस्यता अभियान के लक्ष्य को प्राप्त करते हुए हमें राजस्थान भाजपा ईकाई को देश में आदर्श ईकाई साबित करना होगा।

अग्रवाल ने कहा कि राजस्थान की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह पर आज भी अतिशय विश्वास करती है। इसका ही परिणाम है कि राजस्थान उपचुनावों में जनता भाजपा के साथ खड़ी नजर आई और मैं पूर्ण विश्वास के साथ कह रहा हूं कि राजस्थान के सात उपचुनावों में भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ विजय प्राप्त कर रही है। इसका श्रेय कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और उनकी टीम को भी जाता है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि उपचुनावों में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का साथ, प्रदेश प्रभारी डॉ राधामोहन दास अग्रवाल का मार्गदर्शन और कार्यकर्ताओं की मेहतन से सुखद परिणाम आने वाले है। भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह है और विपक्ष खेमे में उदासीनता का माहौल है।

राठौड़ ने कहा कि हमें मिलकर हमारे बूथ और मंडल को इतना मजबूत करना होगा कि प्रदेश का हर बूथ विपक्ष के लिए अभेद्य किला साबित हो। इसके लिए सदस्यता अभियान में हर जिलाध्यक्ष, हर पदाधिकारी को बढ़ चढकर भागीदारी निभानी चाहिए। भाजपा कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान में महिलाओं को भी जोड़ना चाहिए। 33 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित होगी तो संगठन को मजबूती मिलेगी। भाजपा को किसी की पूजा पद्धित से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन सामने वाले के मन में राष्ट्र प्रथम का भाव होना चाहिए।

भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक डॉ अरूण चतुर्वेदी ने समीक्षा बैठक में प्रस्तावना पेश की और कहा कि देश में भाजपा ने महज 45 दिन में 11 करोड़ के लक्ष्य को प्राप्त कर विश्व की सबसे बड़ी राजनीति पार्टी बनने का खिताब हासिल कर लिया, यह हमारे लिए गौरव की बात है। वहीं प्रदेश में करीबन 80 लाख ऑनलाइन और ऑफलाइन सदस्य बनाए गए है। इनमें करीबन 58 लाख ऑनलाइन और 22 लाख ऑफलाइन सदस्य शामिल है। ऑफलाइन सदस्यों का डाटा फीडिंग का कार्य किया जा रहा है, इसकी संख्या बढ़ सकती है। आगामी 15 दिनों में भाजपा के बूथ और मंडल स्तरी कार्यकर्ताओं को तथा जिलाध्यक्षों को अपना लक्ष्य पूरा करना होगा। सदस्यता अभियान के बाद मंडल और बूथ समिति के चुनाव पर भी हमें कार्य करना होगा।

## थप्पड़ कांड के बाद गांव पर पुलिस का हमला गैरकानूनी : खाचरियावास

**जयपुर, (का.प्र.)।** पूर्वमंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास ने कहा कि देवली उनियारा के उपचुनाव में थप्पड़ कांड के बाद निर्दलीय उम्मीदवार नरेश मीणा को लेकर सरकार ने समरावता गांव में रात को जिस तरह से पुलिस वालों से हमला कराया, उसे किसी भी कीमत पर लोकतांत्रिक और कानूनी नहीं कहा जा सकता। मुख्यमंत्री यदि चाहते तो पुलिस सुबह तक इंतजार कर सकती थी।

खाचरियावास ने कहा कि अंधेरे में जिस तरह से गांव के ऊपर हमला किया गया। उस गांव में 200 से ज्यादा लोग घायल हो गए। लगभग 100 लोगों को पुलिस ने बेवजह गिरफ्तार कर लिया। लगभग 100 महिलाओं को भारी चोट आई। गांव के 50 से ज्यादा मकान जल गए। लगभग 25 से ज्यादा फोर व्हीलर और 100 मोटरसाइकिल जला दी गई। यह गांव के लोगों ने नहीं जलाए।

उन्होंने कहा कि जिस तरह से सरकार के इशारे पर पुलिस ने गांव पर हमला किया। गांव के लोग पुलिस पर वाहनों को जलाने के आरोप लगा रहे हैं और यह आरोप मीडिया में खुलकर गांव के लोगों ने लगाए हैं। एक उम्मीदवार का अधिकारी से झगड़ा होना कोई बहुत बड़ी बात नहीं है। इस तरह के झगड़े चुनाव में होते रहते हैं, लेकिन सरकार ने सर्कस के कलाकारों की तरह अधिकारियों के दबाव में पुलिस के जरिए रात को जो हमला करवाया।

# हर राजस्थानी के लिए राष्ट्रवादी विचार ही सर्वोपरि : भजनलाल शर्मा

**पुणे।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के तहत पुणे के भोसरी में आयोजित राजस्थानी समाज सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने महायुति प्रत्याशी महेश किसनराव लांडगे को समर्थन देकर विजयी बनाने के लिए अपील की।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संबोधन में कहा कि कांग्रेस और इसके सहयोगी सिर्फ झूठ व लूट की बात करते हैं तथा महाअघाड़ी गठबंधन नहीं, बल्कि ठगबंधन है, जिसने जनता को ठगा है। महाराष्ट्र को ऐसे ठगबंधन की जरूरत नहीं है, जो जनता को धोखे के सिवा कुछ न दे सके। चुनाव के समय अफवाहों को सहारा लेने वाली कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है, लेकिन महाराष्ट्र की जनता इन भ्रष्टाचारियों को वोट की चोट से सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया के सबसे मजबूत लीडर हैं, जिनके नेतृत्व में भारत का पूरी दुनिया में डंका बज रहा है। वर्ष 2014 के बाद आये परिवर्तन को सभी ने देखा है। गरीब कल्याण की योजनाएं, सीमाओं की सुरक्षा, आतंकवाद का खात्मा और दुनिया में बढ़ता हुआ गौरव इसका प्रमाण है।

- **'महाअघाड़ी गठबंधन नहीं, बल्कि ठगबंधन, जिसने जनता को ठगा'**
- **'महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन को जिताएगा राजस्थानी समाज'**



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के तहत पुणे के भोसरी में आयोजित राजस्थानी समाज सम्मेलन को संबोधित किया।

शर्मा ने कहा कि हर राजस्थानी राष्ट्र और समाज के प्रति समर्पित होता है तथा उनके लिए राष्ट्रवादी विचारधारा ही सर्वोपरि होती है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र और राजस्थान स्वाभिमान की धरती है, जहां राजस्थान में महाराणा प्रताप, महाराजा सूरजमल एवं महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी जैसे वीर योद्धा हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों का राजस्थान की संस्कृति, विचार एवं मर्यादा को संजोए रखने में अहम योगदान है। यह गर्व का विषय है कि दुनिया के किसी भी कोने में रहते हुए राजस्थान की संस्कृति से जुड़ा हुआ रहता है। इस जुड़ाव के कारण ही राजस्थानी व्यवसाय के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों में भी आगे रहता है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार में युवाओं के साथ कुठाराघात हुआ और पूरे प्रदेश में गैंगस्टर्स का बोलबाला था। जबकि राजस्थान में हमारी सरकार ने गठन के साथ ही पेपरलीक के मामलों की जांच के लिए एसआईटी एवं गैंगस्टर्स माफिया को खत्म करने के लिए एंटी गैंगस्टर्स टास्क फोर्स का गठन किया और अपराधियों पर शिकंजा कसा। उन्होंने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार ने राजस्थान में 11 महीने में ही संकल्प पत्र के 50 प्रतिशत वादों को पूरा करने का काम किया है। इसी तरह महाराष्ट्र में भी डबल इंजन की सरकार मे विकास को गति मिलेगी और नए आयाम स्थापित होंगे।

# अन्टानारिवो में जयपुर फुट शिविर शुरू, 500 दिव्यांग लाभांवित होंगे

**जयपुर।** पर्वूी अफ्रीकी देश मेडागास्कर की राजधानी अन्टानारिवो में भारत सरकार और भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बी.एम.वी.एस.एस.) के सहयोग से विकलांगों के पुर्नवास के लिए जयपुर फुट शिविर आरम्भ हुआ। 50 दिवसीय इस शिविर में 500 द्विव्यांगों को लाभान्वित किया जायेगा।

विदेश मंत्रालय की आर्थिक सहायता और बी.एम.वी.एस.एस. द्वारा क्रियान्वित इस शिविर का उद्घाटन मेडागास्कर के राष्ट्रपति एण्ड्री निरिना राजोइलिना की पत्नि और मेडागास्कर की प्रथम महिला मियाली राजोइलिना ने किया। इस अवसर पर मेडागास्कर स्थित भारत के राजदूत बन्दारू विल्सनबाबू मेडागास्कर के स्वास्थ्य मंत्री आरिवेलो जेली राण्डारियामानाटानी, बी. एम. वी. एस. एस. के अध्यक्ष सतीश मेहता और बी. एम. वी. एस. एस. के सचिव (तकनिकी) डॉ. दीपेन्द्र मेहता उपस्थित थे। प्रथम महिला मियाली राजोइलिना ने इस शिविर के आयोजन के लिए भारत सरकार और बी.एम.वी.एस.एस. को धन्यवाद दिया। स्वास्थ्य मंत्री राण्डारिया मानाटानी ने कहा कि इस शिविर के आयोजन से द्विव्यांगों में शक्ति का संचार होगा और वह सम्मान से कार्य कर सकेंगे और जी सकेंगे। भारतीय राजदूत बन्दारू विल्सनबाबू ने कहा कि भारत और मेडागास्कर की मैत्री का प्रतीक यह शिविर इस प्रकार का विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित 31वाँ शिविर हैं और 23 देशों में ऐसे शिविरों से अब तक 16000 द्विव्यांगों को लाभान्वित किया जा चुका हैं। बी.एम.वी.एस.एस. के अध्यक्ष सतीश मेहता और सचिव (तकनिकी) डॉ. दीपेन्द्र मेहता ने मेडागास्कर के राष्ट्रपति की पत्नि और स्वास्थ्य मंत्री को जयपुर फुट की निर्माण विधि की जानकारी दी । दोनों ने जयपुर फुट की तकनिकी विशेषता की जानकारी देते हुए कहा कि अब तक विदेशों में 114वाँ अन्तर्राष्ट्रीय शिविरों का आयोजन कुल 44 देशों में किया जा चुका है और विदेशों में 46,000 द्विव्यांगों को लाभ पहुँचाया गया है। अध्यक्ष सतीश मेहता ने मेडागास्कर में एक स्थायी केन्द्र की स्थापना और तकनीशिनों को जयपुर में प्रशिक्षित करने में सहयोग देने की पेशकश की।



**विदेश मंत्रालय की आर्थिक सहायता और बी.एम.वी.एस.एस. द्वारा क्रियान्वित इस शिविर का उद्घाटन मेडागास्कर के राष्ट्रपति एण्ड्री निरिना राजोइलिना की पत्नि और मेडागास्कर की प्रथम महिला मियाली राजोइलिना ने किया। इस अवसर पर मेडागास्कर स्थित भारत के राजदूत बन्दारू विल्सनबाबू मेडागास्कर के स्वास्थ्य मंत्री आरिवेलो जेली राण्डारियामानाटानी, बी. एम. वी. एस. एस. के अध्यक्ष सतीश मेहता और बी. एम. वी. एस. एस. के सचिव ( तकनिकी ) डॉ. दीपेन्द्र मेहता उपस्थित थे।**

## मुख्यमंत्री ने पं. सुरेश मिश्रा के बेटी-दामाद को बधाई दी

**जयपुर।** भाजपा नेता एवं सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा के बनीपार्क स्थित निवास स्थान पर आज मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पहुंच कर वर-वधु ऋषभ-सौम्यता को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना देने पहुंचे।

आज पं. सुरेश मिश्रा की बेटी सौम्यता का आर्शीवाद समारोह है। लेकिन मुख्यमंत्री महाराष्ट्र यात्रा पर जा रहे हैं इसलिए शाम के कार्यक्रम में नहीं पहुंच पा रहे थे। तो उन्होंने नवयुगल को घर पर आकर आशीर्वाद दिया। साथ ही उन्हे श्रीनाथजी की तस्वीर और पुष्प गुच्छ भेंट किया साथ ही पूरे परीवार के साथ फोटो खिंचवाई।

## एसबीआई लाइफ ने जारी किया वीडियो

**जयपुर ।** एस.बी.आई. लाइफ इंश्योरेंस ने एक प्रेरक डिजिटल वीडियो "लिप्पी की दुनिया" जारी किया, जिसमें युवाओं के सार, सपनों और शिक्षा की परिवर्तनकारी शक्ति पर प्रकाश डाला गया। ओडिशा के क्योंझर में महिला संगठन सामाजिक-सांस्कृतिक जागरूकता (डब्ल्यूओएससीए) एनजीओ के सहयोग से तैयार किया गया है।

# जयपुर-दिल्ली एक्सप्रेस हाइवे पर तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर

## हादसे में हरमाडा थाने के कांस्टेबल की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया

- **बताया जा रहा है कि दोनों पुलिसकर्मी किसी बदमाश को पकड़ने जा रहे थे, तभी यह हादसा हो गया**

**जयपुर (कासं)।** राजधानी जयपुर में गुरुवार-शुक्रवार की मध्यरात्रि हिट एण्ड रन का मामला सामने आया है। जहां जयपुर-दिल्ली एक्सप्रेस हाईवे पर तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में हरमाड़ा थाने में तैनात एक कांस्टेबल की मौत हो गई,जबकि उसका साथी घायल हो गया।

दोनों पुलिसकर्मी किसी बदमाश को पकड़ने जा रहे थे, इसी दौरान जयपुर दिल्ली एक्सप्रेस हाइवे पर हर्ष होटल के सामने यह हादसा हो गया। है। हादसे के बाद चालक कार लेकर भाग निकला। कार और उसके चालक की सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस तलाश कर रही है। फिलहाल कार के बारे में कोई भी जानकारी अभी तक सामने नहीं आई हैं। वहीं मामले की जांच दुर्घटना थाना पुलिस पश्चिम कर रही है।

पुलिस ने बताया कि बदमाशों की धरपकड़ को लेकर अभियान चल रहा था। इसे लेकर कांस्टेबल मुकेश कस्वां और जीतराम पिछले कुछ दिनों से काम कर रहे थे। उन्हें दो बदमाशों (वारंटियों) के बारे में जानकारी मिली थी। इसलिए वह गुरुवार देर रात में निकले थे। वापस लौटते समय जयपुर-दिल्ली एक्सप्रेस हाईवे पर तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को मणिपाल हॉस्पिटल पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद मुकेश कस्वां (36) को मृत घोषित कर दिया। वहीं जीतराम जाट (32) का इलाज किया जा रहा है। मुकेश कस्वां सीकर के रामगढ़ स्थित रूकनसर गांव के रहने वाले थे और वर्तमान में वीकेआई मुरलीपुरा में परिवार के साथ रह रहे थे। वहीं घायल जीतराम निवासी जसवंतपुरा थाना श्रीमाधोपुर जिला सीकर हाल नींदड हरमाड़ा में रहता है। मृतक मुकेश के दो लड़के हैं, एक तो 4 वर्ष का और दूसरा 6 साल का। इस घटना के बाद मुकेश के परिवार में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। पुलिस ने मुकेश के शव को कांवटिया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाकर शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम करवाया। इधर कांस्टेबल मुकेश कस्वां के निधन से पूरे हरमाड़ा थाने में शोक की स्थिति पूरे दिन बनी रही। उनकी मौत से न केवल उनके परिवार,बल्कि उनके सहकर्मियों और पूरे पुलिस विभाग में मातम छा गया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित बुडानिया ने बताया कि पुलिस महकमें में शोक की लहर है। उधर हादसे के बाद पुलिस ने कार के चालक की पहचान करने के लिए जांच शुरू कर दी है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि घटना के समय कार चालक की गति कितनी थी और क्या उसने कोई नियम तोड़ा था। वहीं, घायल कांस्टेबल जीतराम की हालत में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है।

# ब्लाईंड मर्डर का खुलासा, हत्या के आरोप में दो दोस्त गिरफ्तार

## पुलिस ने दोनों को नवलगढ़ से हिरासत में लिया और पूछताछ की तो अपना जुर्म कबूल किया


पुलिस ने युवक की हत्या के आरोप में दो जनों को गिरफ्तार किया।

**गुढ़ागौड़जी, (निसं)।** थाना इलाके के सीथल से छावसरी जाने वाले रास्ते पर गुरूवार सुबह मिली छावसरी निवासी सुनील कुमावत की लाश के मामले में पुलिस ने महज 24 घंटे में ब्लाईंड मर्डर का खुलासा करते हुए हत्या के आरोप में मृतक सुनील के ही दो जिगरी दोस्तों को गिरफ्तार कर लिया है।

सीआई राममनोहर ठोलिया ने बताया कि मृतक सुनील कुमावत छावसरी का रहने वाला था। उसके दो दोस्त भी छावसरी निवासी मनोज जाट व जितेंद्र जाट है। 12 नवंबर को सुनील कुमावत अपनी मां के साथ घर में मारपीट कर रहा था, तो उसके दोस्त जितेंद्र जाट ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सुनील जाट को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद 13 नवंबर को सुनील जाट जमानत पर छूटा और घर पहुंचा। शाम को तीनों दोस्त फिर से मिले। तीनों मनोज की स्कूटी पर पहले तो शराब के ठेके पर गए, जहां से शराब खरीदी और छावसरी से सीथल जाने वाले रास्ते पर सड़क किनारे बैठकर अंधेरे में शराब पीने लग गए। शराब पीने के बाद जितेंद्र ने सुनील को अपनी मां के साथ मारपीट ना करने की बात कही। जिस पर तीनों में बहस हो गई। तीनों उसी जगह पर झगड़ने लगे, लेकिन जोर-जोर से आवाज होने पर वहां पर रहने वाला एक व्यक्ति आया, तो तीनों वहां से निकल गए। इसके बाद इसी रोड पर कुछ दूरी पर आकर फिर से लड़ने लगे।

यहां से भी तीनों कुछ देर झगड़ा करने के बाद तीसरी जगह पहुंचे, जहां पर सुनील की लाश मिली थी। वहां पर जितेंद्र और मनोज ने शराब के नशे में सुनील के साथ मारपीट की, जहां सुनील की मौत हो गई। इसके बाद जितेंद्र और मनोज ने सुनील को उठाकर स्कूटी पर बैठाने की कोशिश की, लेकिन शराब के नशे में दोनों से सुनील नहीं उठा तो उसे छोड़कर अपने अपने घर चले गए। सुबह तक दोनों आरोपियों को सुनील की मौत की जानकारी नहीं थी, लेकिन इसी दौरान एक दूधवाला

■ **मां के साथ मारपीट पर बहस हुई थी, शराब के नशे में पीटा तो सुनील की मौत हो गई थी**

आया और उसने बताया कि सड़क पर एक लाश पड़ी है, जिसके बाद मनोज और जितेंद्र के होश उड़ गये और दोनों अपनी स्कूटी से नवलगढ़ भाग गए। पुलिस ने दोनों को नवलगढ़ से हिरासत में लिया और पूछताछ की तो दोनों ने अपना जुर्म कबूल लिया। पुलिस आरोपियों को कोर्ट में पेश करेगी। इस मामले में मृतक सुनील के भाई किशोर ने गुरूवार को अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया था।

इससे पहले गुरूवार सुबह सड़क किनारे लाश की सूचना पर गुढ़ा पुलिस मौके पर पहुंची थी। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए एसपी शरद चौधरी ने मामले के खुलासे के निर्देश दिए थे, जिस पर दो टीमों का गठन किया गया जाकर योजनाबद्ध तरीके से मर्डर का खुलासा किया गया। घटना स्थल का एफएसएल, एमओबी तथा डॉग स्क्वायड द्वारा निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए गए। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने संभावित लोगों से पूछताछ कर, सीसीटीवी कैमरों को अवलोकन कर अज्ञात हत्यारों को नामजद किया।

# 'भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन पर तीन नई लिफ्ट लगेंगी'


सांसद दामोदर अग्रवाल ने भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

**भीलवाड़ा, (निसं)।** सांसद दामोदर अग्रवाल ने भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए व डीआरएम को फोन कर नवनिर्माण के लिये प्रस्ताव दिये।

सांसद प्रवक्ता विनोद झुर्रानी ने बताया कि स्थानीय रेलवे स्टेशन पर सांसद दामोदर अग्रवाल की पहल पर कायाकल्प किया जा रहा है। भीलवाड़ा रेल्वे स्टेशन को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। सांसद अग्रवाल ने बताया कि स्टेशन पर तीन नई लिफ्ट का निर्माण किया जा रहा है जो सभी प्लेटफार्मों पर लगेगी। साथ ही एक नया 12 मीटर चौड़ा फुट ओवरब्रिज बनाया जा रहा है। प्लेटफार्म 4 पर नई एंट्री बिल्डिंग का निर्माण हो रहा है व यात्रियों की सुविधा के लिये प्लेटफार्म नम्बर 1 पर पांच रिटायरिंग रूम बन रहे हैं। मुख्य द्वार पर सर्कुलेटिंग एरिया का नवनिर्माण कराया जा रहा है व रिजर्वेशन ऑफिस की तरफ 1000 फीट नया सर्कुलेटिंग एरिया का निर्माण हो रहा है। सांसद अग्रवाल ने रात्रि में दिल्ली से आने वाली चेतक एक्सप्रेस को प्लेटफार्म नंबर दो की जगह चार पर खड़ी रखने का प्रस्ताव रखा, जिससे यात्रियों को सुविधा हो सके। निरीक्षण के दौरान स्टेशन मैनेजर, सहायक मण्डल इंजीनियर, सीनियर सेक्शन इंजीनियर, सीएमआई व सीएचआई साथ रहे। वहीं महापौर राकेश पाठक, पूर्व न्यास अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण डाड, प्रेम स्वरूप गर्ग, राकेश कसेरा, विमल जैन, लंकेश पाराशर भी उपस्थित थे।

# अवैध शराब सहित चार जने गिरफ्तार

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** पुलिस ने शुक्रवार को अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 204 पव्वे जब्त कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई गंगापुर सिटी कोतवाली थाने के अलावा गंगापुर सिटी सदर, बामनवास और नादौती थाने के द्वारा की गई।

एसपी ममता गुप्ता के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश राजौरा और गंगापुरसिटी पुलिस उपाधीक्षक संतराम मीणा, बामनवास के सीताराम मीणा, टोडाभीम के मुरारीलाल मीणा के निर्देशन में कोतवाली थाना, सदर थाना, बामनवास थाना और नादौती थाना द्वारा अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई की गई। कोतवाली थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि उनके निर्देशन में सहायक उपनिरीक्षक रामराज के द्वारा गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब के 50 पव्वे के साथ धर्मसिंह पुत्र शंकर लाल बैरवा निवासी अंबेडकर नगर गंगापुर सिटी को आबकारी अधिनियम में गिरफ्तार किया। इसी तरह सदर थानाधिकारी ने बताया कि सहायक उपनिरीक्षक धनराज के द्वारा अशोक पुत्र गिर्राज गुर्जर निवासी छोटी महू थाना कोतवाली गंगापुर सिटी को अवैध शराब के 52 पव्वे सहित दौलतपुर रोड मंदिर के सामने से आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर लिया।

बामनवास थाने के सहायक उपनिरीक्षक प्रकाशचंद के निर्देशन में टीम ने रिवाली आम सड़क से राजेश पुत्र गिर्राज गुर्जर निवासी रिवाली थाना बामनवास को अवैध देसी शराब के 48 पव्वे के साथ आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर लिया। इसी तरह नादौती थाना के द्वारा सहायक उपनिरीक्षक रामावतार द्वारा गश्त के दौरान कैमला से रूपसिंह पुत्र मन्नू बैरवा निवासी कैमला नादौती को 54 पव्वे अवैध देसी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चारों आरोपियों से देसी शराब के पव्वों को जब्त कर लिया और चारों को गिरफ्तार किया है।


# ट्रेलर से भिड़ी कार, पांच घायल

**अजमेर, (कासं)।** जिले के नसीराबाद के सदर थाना क्षेत्र में नेशनल हाइवे संख्या-48 स्थित ग्राम झड़वासा के पास एक कार आगे चल रहे ट्रेलर चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगा देने से ट्रेलर में पीछे से घुसकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना में कार में सवार 6 में से 5 यात्री गंभीर रूप घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार गुजरात बड़ौदा निवासी पांच व्यक्ति बलेनो कार में नसीराबाद से बड़ौदा जा रहे थे। झड़वासा गांव के निकट आगे चल रहे ट्रेलर चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाने से कार आगे चल रहे ट्रेलर में घुस गई। कार में सवार बड़ौदा निवासी पांच व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। रोगी वाहन की मदद से घायलों को नसीराबाद राजकीय सामान्य चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां पर घायलों को प्राथमिक उपचार देकर गंभीर हालत होने के कारण अजमेर रैफर कर दिया गया।

# उत्तराखंड की गैंग ने झुंझुनूं में भी दो वारदातें की थी

## दो ठगों को कोतवाली पुलिस प्रोडक्शन वारंट पर लाई, बापर्दा गिरफ्तार किया


ठगी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने बापर्दा गिरफ्तार किया।

**झुंझुनूं, (निसं)।** उत्तराखंड की एक ठग गैंग ने भगवान के दर्शन दिलाकर बेटों से संकट हटाने का झांसा देकर झुंझुनूं जिले में ठगी की वारदातें की थी, जिसके बाद चिड़ावा पुलिस ने गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया था। अब इस मामले में गैंग के दो सदस्यों को कोतवाली पुलिस झुंझुनूं जिला जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई है।

एएसआई राजेंद्र प्रसाद मीणा ने बताया कि झुंझुनूं कोतवाली में आठ सितंबर को मुकेश नाम की महिला ने मामला दर्ज कराया था कि वह अपने बेटे को कोचिंग छोड़कर वापिस जब घर जा रही थी। तो गुढ़ा रोड रेलवे फाटक के पास अज्ञात युवक मिले। जिन्होंने पहले तो उससे किसी का पता पूछा। इसके बाद बातों में उलझाकर उसे डराया कि उसके बेटे पर संकट है। इस संकट को दूर करने के लिए आरोपियों ने उससे सोने की कानों की बालियां और मंगल सूत्र उतरवा लिया।

■ **ठगों ने बेटों पर संकट बताकर दो महिलाओं के साथ ठगी की थी**

इसके बाद भगवान के दर्शन कराने के लिए कुछ दूर पैदल भेज दिया और पीछे से गहने लेकर फरार हो गए। इस मामले में उत्तराखंड के उधमसिंह नगर इलाके के गदरपुर हुसनू पुत्र नजरूदीन फकीर व शाहिद पुत्र हबीब को कोतवाली पुलिस प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई है, जिन्हें बापर्दा गिरफ्तार किया गया है। अब पीड़िता से आरोपियों की पहचान करवाने के बाद गहने बरामदगी की कार्रवाई होगी। इन्हीं दोनों आरोपियों ने इससे पहले पांच अगस्त को गांधी चौक यूको बैंक के पास भी सुमन वशिष्ठ नाम की महिला को भी उसके बेटे पर संकट बताकर सोने की दो चूड़ियां ली थी और 31 कदम चलने के बाद भगवान के दर्शन होने की बात कही थी। सोने की दो चूडियां लेकर आरोपी फरार हो गए थे। इस मामले में भी आरोपियों को बापर्दा अलग से गिरफ्तार किया जाएगा।

# आरोपी गिरफ्तार

**करौली, (निसं)।** थाना कोतवाली करौली ने पुलिस जाप्ता पर हमला करने व राजकार्य में बाधा उत्पन्न करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी राजेन्द्र उर्फ गोलू सैनी पुत्र रणजीत निवासी न्यू अनाज मंडी के पास लालसोट थाना लालसोट जिला दौसा को गिरफ्तार किया। गत नौ नबम्बर को थाना कोतवाली करौली पर एक रिपोर्ट सदर थाना प्रभारी चंचल शर्मा ने थाना सदर करौली पुलिस जाप्ता द्वारा दौराने राजकार्य गूलरघटा करौली पर थाना सदर करौली जाप्ते के साथ तफ्तीश के दौरान आरोपियों द्वारा हमला कर राजकार्य में बाधा पहुंचाई व सरकारी वाहन की पत्थर से लाईट फोड़ दी आदि पर थाना कोतवाली करौली पर मुकदमा दर्ज किया गया।

# भीण्डर पालिका के 22 लाख बकाया, कभी भी कट सकता है रोड लाइट कनेक्शन

**भीण्डर, (निसं)।** भीण्डर शहर की सड़कों को रोशन करने वाली रोड लाइटों पर कभी भी बिजली विभाग की कैंची चल सकती है। भीण्डर नगर पालिका के रोड लाइटों के बिजली बिलों के 22 लाख रूपये बकाया चल रहे हैं, जबकि विद्युत विभाग पिछले 15 दिनों दो नोटिस दे चुका हैं और उनकी अवधि समाप्त हुए दो दिन गुजर चुके हैं, इसलिए अब विद्युत विभाग कभी भी भीण्डर नगर पालिका क्षेत्र की रोड लाइटों के बिजली कनेक्शन काट सकता है।

■ **भीण्डर नगर पालिका के रोड लाइटों के बकाया को लेकर विभाग दो नोटिस दे चुका है**

**9 माह से नहीं चुकाया बिजली बिल :-** भीण्डर नगर पालिका क्षेत्र की रोड लाइटों सहित पालिका कार्यालय के पिछले करीब 9 माह से बिजली बिल बकाया चल रहे हैं। अंतिम बार नगर पालिका द्वारा 19 फरवरी 2024 को बिजली बिलों का भुगतान किया था। इसके बाद से अब तक बिजली बिलों को भुगतान नहीं किया गया है। जिसके चलते विद्युत विभाग के पिछले 9 महीने में नगर पालिका से 22 लाख की बकाया मांग रहा है। इसको लेकर विद्युत विभाग ने नोटिस भी जारी कर दिया है।

अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड भीण्डर कार्यालय से सहायक अभियंता ने पिछले 15 दिनों में दो नोटिस जारी कर दिये हैं और 11 नवंबर को जारी किये गये नोटिस में तीन दिन की मियाद दी गई वो भी गुजर चुकी है। इसके चलते अब कभी भी विद्युत विभाग नगर पालिका के सभी रोड लाइटों के कनेक्शन काट सकता हैं, जिससे भीण्डर नगर की गलियों में अंधेरा हो जायेगा। विद्युत विभाग ने अधिशाषी अधिकारी के नाम जारी किये नोटिस में बताया कि नगर पालिका के अन्तर्गत आने वाले रोड लाइट के 23 बिजली कनेक्शनों के 22 लाख 9 हजार 30 रूपये बकाया है। बिलों को जमा करवाने की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर 2024 थी, लेकिन अभी तक जमा नहीं करवाए गये नोटिस जारी होने के अगले तीन दिनों में बकाया राशि नहीं जमा करवाने पर बिना अग्रिम सूचना दिये विद्युत कनेक्शन काटने की कार्यवाही की जायेगी।


पुष्कर मेले का शुक्रवार को पुरस्कार वितरण व रंगारंग कार्यक्रमों के साथ विधिवत समापन हुआ। इस मौके पर राजस्थानी परम्परा से आतिथ्य सत्कार के साथ लोक संस्कृति के ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद सहित विभिन्न प्रकार की पशु प्रतियोगितायें आयोजित हुई।

# पांच हजार का इनामी हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**करौली, (निसं)।** जिला स्पेशल टीम करौली ने 6 माह से फरार फायरिंग के आरोपी को पाटौरन गांव से गिरफ्तार किया। आरोपी पी पांच हजार का इनाम घोषित था।

पुलिस महानिदेशक राजस्थान जयपुर के द्वारा संगठित अपराधियों, माफियाओं, हार्डकोर अपराधियों, इनामी, सीमावर्ती राज्य के अपराधिक गिरोह की निगरानी तथा गिरफ्तारी हेतु कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई के आदेशों की पालना में जिला पुलिस अधीक्षक करौली बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में धारासिंह उनि. प्रभारी डीएसटी करौली के नेतृत्व में गठित जिला स्पेशल टीम करौली द्वारा 6 माह से फरार फायरिंग के आरोपी गब्बरसिंह पुत्र हंसराम मीना निवासी पाटौरान थाना सदर करौली को पाटौरन गांव से गिरफ्तार किया। ज्ञात रहे की पुलिस अधीक्षक करौली द्वारा उनि.धारासिंह डी.एस.टी प्रभारी जिला करौली को मुलजिम के मोहनराज के संबंध में आसूचना संकलित करने के निर्देश दिए।

जिस पर करीब 6 माह से फरार 5 हजार रूपये के ईनामी गब्बरसिंह पुत्र हंसराम जाति मीना निवासी पाटौरन थाना सदर करौली के पीछले तीन चार दिन से पाटौरन गांव में होने की आसूचना मिल रही थी।

■ **आरोपी पर करौली जिला के विभिन्न थानों में करीब एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं**

जिस पर डीएसटी प्रभारी धारासिंह उप निरीक्षक मय टीम के रवाना होकर आरोपी के घर पाटौरान पहुँचे जहाँ पर गब्बरसिंह पुत्र हंसराम मीना निवासी पाटौरान थाना सदर करौली को घर पर तलाश किया तो आरोपी पुलिस जाप्ता को देखकर घर से खेतों कि तरफ भागने लगा जिस पर पुलिस टीम के नैमीचंद कानि. न. व रत्नोसिहं कानि. ने आरोपी को काफी पीछा करके से पकड़ा। आरोपी की गिरफ्तारी पर 5 हजार रूपये का इनाम घोषित किया हुआ है। आरोपी पुलिस थाना सदर करौली को हिस्ट्रीशीटर है जिस पर करौली जिला के विभिन्न थानों में करीब एक दर्जन मुकदमे दर्ज है।

# अज्ञात जानवर ने सात बकरियों को मारा

**चिड़ावा, (निसं)।** चिड़ावा शहर के निकट सेही कलां में देर रात्रि को दो बजे बाद किसी अज्ञात जानवर ने एक घर के अंदर बकरियों पर हमला कर दिया। जिसमें दस बकरियों में से अज्ञात जानवर ने सात बकरियों को अपना शिकार बना लिया। वहीं तीन बकरी घायल अवस्था में मिली। मिली जानकारी के अनुसार सेही कलां निवासी सुमन पत्नी शिवकुमार ने बताया कि बीती रात को ढाई बजे जब वह उठी और बाहर देखा तो घर के बाड़े में सात बकरियों की लाशें पड़ी मिली, वहीं तीन बकरी घायल अवस्था में मिली। इसके बाद ग्रामीणों को सूचना मिलने पर ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और अज्ञात जानवर के पगमार्क लिए हैं। वन विभाग टीम ने इसे कुत्ते के पगमार्क बताएं। इधर पीड़ित किसान है और उसकी आय का एक माध्यम बकरी पालन था, जिससे उसका घर पल रहा था। अब उसके आगे परिवार पालने का संकट आ खड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन से पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद की गुहार लगाई है।

# ब्लाईंड मर्डर का पर्दाफाश, मृतक की पत्नी व उसका साथी गिरफ्तार

## मृतक की पत्नी व आरोपी भूपेन्द्र सेन के बीच प्रेम प्रसंग हत्या का मुख्य कारण बना




पति की हत्या के आरोप में पत्नी व पड़ौसी को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

**ब्यावर, (निसं)।** पुलिस ने ब्लाइंड हत्याकांड का 24 घण्टों में पर्दाफाश किया है। मृतक की पत्नी व उसके साथी को गिरफ्तार किया है। मृतक की पत्नी व आरोपी भूपेन्द्र सेन के बीच प्रेम प्रसंग हत्या का मुख्य कारण बताया जा रहा है।

जिला पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह आई.पी.एस, के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा तथा वृताधिकारी जैतारण सत्येन्द्र सिंह नेगी के निकट सुपरविजन में धानाधिकारी पुलिस थाना जैतारण धौलाराम उप निरीक्षक ने टीम सहित कार्य करते हुए ग्राम निम्बेडा कलां में हुए ब्लाइण्ड मर्डर का खुलासा करते हुए हत्या के आरोपी, मृतक की पत्नी व उसके पड़ोसी को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार 12 व 13 नवंबर की मध्यरात्रि को जैतारण थाना क्षेत्र के गांव निम्बेडा कलां में गोचर भूमि में एक लाश पड़ी होने की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान कचरूराम नायक गांव निम्बेडा कलां के रूप में हुई। मृतक की माता ने बताया कि उसका पुत्र 12 नवंबर को रात 10-11 बजे से ही घर से लापता था और सुबह उसकी लाश मिली। कचरूराम के गर्दन पर वार करके उसकी निर्मम हत्या कर दी गई। हत्या की आशंका होने पर टीम का गठन किया गया और मामला दर्ज किया जाकर अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू की। घटना स्थल के आसपास की जानकारी एकत्र करते हुए ग्रामीणों तथा मुखबिरों से पूछताछ की। जानकारी प्राप्त करते हुए पुलिस टीम को मृतक की पत्नी की भूमिका संदिग्ध लगी। मृतक की पत्नी व हत्या में उसके सहयोगी भूपेन्द्र सेन उर्फ राजू को भी पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया।

आरोपिया किरण का पति कचरूराम शराब पीने का आदि था जो आये दिन शराब के नशे में उसके साथ मारपीट करता था। इसी बीच आरोपिया की उसके पडोसी भूपेन्द्र सेन उर्फ राजू से दोस्ती हो गई तथा दोनों ने मिलकर कचरूराम को रास्ते से हटाने के लिये उसकी हत्या की योजना बना ली। 12-13 नवंबर की रात्रि को दोनों ने मिलकर कचरूराम की उसके घर में ही धारदार हथियार से वार करके हत्या कर दी तथा साक्ष्य मिटाने के लिये लाश को गांव से दूर जंगल में फेंक दिया व खून सने कपड़े व बिस्तर आदि जला दिये। सुबह पूर्व नियोजित योजना अनुसार लाश की जानकारी मिलने पर मृतक की पत्नी ने रोने का नाटक शुरू कर दिया ताकि किसी को उस पर शक ना हो। पुलिस टीम ने जांच करते हुए सभी घटनाक्रम की कड़ी जोड़ते हुए पूरी घटना का पर्दाफाश कर मृतक की पत्नी किरण व भूपेन्द्र सेन उर्फ राजू को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।



बचपन से मेरा एक ही सपना था कि मैं न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व करूं। ब्लैक कैप्स के लिए 18 साल तक खेलना मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान और सौभाग्य रहा है।

- टिम साउदी

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज, अपने संन्यास को लेकर बोलते हुए।




आज का खिलाड़ी



## सानिया मिर्जा

भारत की तरफ से ग्रैंड स्लैम जीतने वाली पहली महिला सानिया मिर्जा ने 15 नवंबर को अपना 38वां जन्मदिन मनाया। सानिया मिर्जा भारत की सबसे बेहतरीन टेनिस खिलाड़ी हैं। सानिया ने भारत को कई मेडल्स और ट्रॉफी दिलाई हैं। हालांकि सानिया मिर्जा अपने प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। उनकी निजी जिंदगी काफी विवादों भरी रही है। जिसके कारण उनको तमाम आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ा।

**क्या आप जानते हैं ?...** एक टेस्ट मैच में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के खिलाड़ी ग्राहम गूच के नामहै। गूच ने 1990 में भारत के खिलाफ 333 और 123 रन बनाये।

## जयपुर में तीसरे दिन अर्जुन प्रसाद 66 के स्कोर के साथ शीर्ष पर, राशिद खान दूसरे नंबर पर

जयपुर, 15 नवंबर। अपने पहले खिताब की तलाश में लगे दिल्ली के पेशेवर अर्जुन प्रसाद ने जयपुर के रामबाग गोल्फ क्लब में खेले जा रहे 1 करोड़ रुपये के राजस्थान टूरिज्म प्रेजेंट्स जयपुर ओपन 2024 के तीसरे राउंड में चार अंडर 66 का स्कोर बनाकर लगातार तीसरे दिन बढ़त बनाए रखी। 25 वर्षीय अर्जुन (62-64-66), जो तीन शॉट से आगे चल रहे थे, ने शुक्रवार को 18 अंडर 192 का स्कोर बनाया और एक शॉट की मामूली बढ़त के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। दिल्ली के दो बार के अंतरराष्ट्रीय विजेता राशिद खान (64-68-61), जो रात में 12वें स्थान पर थे और लीड से छह शॉट पीछे थे, ने शानदार नौ-अंडर 61 का स्कोर बनाया, जो इस सप्ताह का सबसे कम स्कोर था, और 17-अंडर 193 के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए।दिल्ली के दो अन्य गोल्फर सचिन बैसोया (64) और क्षितिज नवीद कौल (65) 16-अंडर 194 के साथ तीसरे स्थान पर रहे।जयपुर के प्रखर असावा (70), कट बनाने वाले एकमात्र स्थानीय गोल्फर, ने पेनअल्टम राउंड को तीन-अंडर 207 के साथ 38वें स्थान पर समाप्त किया।

## सब जूनियर राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता का शुभारम्भ

जयपुर, 15 नवंबर। राजस्थान वुशू संघ व श्रीगंगानगर वुशू संघ के तत्वावधान में दिनांक 15 से 17 नवम्बर 2024 तक पंचायती धर्मशाला, श्रीगंगानगर में चल रही 18वी राजस्थान सबजूनियर राज्य स्तरीय (बालक/बालिका) वुशू प्रतियोगिता का आज शुभारम्भ हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि हीरानन्द कटारिया, उपाध्यक्ष, भारतीय वुशू संघ व अध्यक्ष, राजस्थान वुशू संघ रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेन्द्र पाल सिंह समाज सेवक ने की तथा समारोह के विशिष्ट अतिथि विजय सिंह शेखावत, भूरामल स्वामी, नवदीप सिंह, हर्मेन्द्र सिंह जाखड़ उपस्थित रहे। मंजीत कुमार सचिव श्रीगंगानगर वुशू संघ ने समारोह के सभी अतिथियोंगणों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि हीरानन्द कटारिया ने खिलाडियों को वुशू खेल से जीवन में ऊँचाइयों को प्राप्त करने का सुनहरा अवसर बताया। नितिन अग्रवाल अध्यक्ष, श्रीगंगानगर वुशू संघ ने बताया की प्रतियोगिता में प्रदेश के 23 जिलो के बालक वर्ग 290 एवं बालिका वर्ग 160 खिलाडी भाग ले रहे है तथा अध्यक्ष ने प्रतियोगिता में आये हुए समस्त खिलाडियों, अधिकारियों, अतिथियों व पत्रकार बन्धुओ को धन्यवाद दिया।

## 8वीं जूनियर नेशनल ड्यूबॉल प्रतियोगिता 29 नवम्बर से

जयपुर, 15 नवंबर। 8वीं जूनियर नेशनल ड्यूबॉल प्रतियोगिता 29 नव. से 1 दिस.24 तक चौगान स्टेडियम में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिये आज गृह राज्य जवाहर सिंह बेढम द्वारा ड्यूबॉल पोस्टर का विमोचन किया एवं 29 नवम्बर को उदघाट्न समारोह में आने का न्योता भी स्वीकार किया। इस अवसर राज्य ड्यूबॉल संघ के अध्यक्ष सुरेश उपाध्याय, सचिव मिर्जा मंजूर बेग भवानी शंकर शर्मा, शिव शंकर भारद्वाज व अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## दो दिवसीय चतुर्थ जयपुर ओपन डे नाइट शूटिंग प्रतियोगिता आज से

जयपुर, 15 नवंबर। ओएसिस शूटिंग रेंज, जगतपुरा, चतुर्थ जयपुर ओपन डे-नाईट शूटिंग प्रतियोगिता-2024 का दो दिवसीय आयोजन दिनांक 16 व 17 नवंबर को किया जा रहा है। पिछले तीन वर्षों से इस प्रतियोगिता को राजस्थान राइफल एसोसिएशन द्वारा आयोजन किया जाता रहा है जिसमे अनेक राज्यों के खिलाड़ियों द्वारा इस प्रतियोगिता में भाग ले कर उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त होता है। इस आयोजन के संचालन का मुख्य कारण खिलाड़ियों में जो प्रतिभाएं छुपी होती हैं, उसको निखरने का अवसर प्रदान करना होता है। राजस्थान राइफल एसोसिएशन द्वारा प्रतिवर्ष इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता रहेगा जिससे प्रतिवर्ष बेहतरीन शूटर्स आगे बढ़ कर राष्ट्रीय और अंतरास्ट्रीय मंच पर अपनी योग्यता को साबित करेंगे। आगामी वर्षों में राष्ट्रीय राइफल एसोसिएशन द्वारा भी शूटिंग लीग आयोजित किये जायेंगे जिससे डे-नाईट फॉर्मेट के शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जावेगा।

## अधिवक्ताओं के लिये क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

जयपुर, 15 नवंबर। राजस्थान हाई कोर्ट लॉ फर्म एक्टस लेजिट ने राज्य के अधिवक्ताओं के लिए रायन इंटरनेशनल स्कूल के ग्राउंड पर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट



का प्रारंभ न्यायाधीश अनिल उपमन ने फ़ीता काट कर किया तथा कहा कि इस तरह का टूर्नामेंट अपने आप मैं एक अनूठी पहल हैं । राजस्थान हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता आर बी माथुर ने ड्रा निकाल कर सभी टीमों की खेल की सूची निश्चित की। टूर्नामेंट आयोजन कमेटी के संयोजक व वरिष्ठ अधिवक्ता अंशुमन सक्सेना ने बताया कि इस टूर्नामेंट मैं कुल 24 अधिवक्ताओं की टीमों ने भाग लिया । आयोजन कमिटी के अधिवक्ता अतुल सक्सेना, अधिवक्ता अनुराधा व अधिवक्ता विनय कांत सक्सेना ने सभी टीमों का व आगंतुक वरिष्ठ अधिवक्ताओं का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

// भारत और दक्षिण अफ्रीका टी-20 //

# तिलक और सैमसन का शतक
## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाईएस्ट स्कोर



जोहान्सबर्ग, 15 नवंबर। तिलक वर्मा और संजू सैमसन की सेंचुरी के दम पर भारत ने चौथे टी-20 में 283 रन बना दिए। यह साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी-20 में किसी भी टीम का सबसे बड़ा स्कोर है। तिलक ने 120 और सैमसन ने 109 रन बनाए। साउथ अफ्रीका से इकलौता विकेट लुथो सिपामला ने लिया।

साउथ अफ्रीका से रायन रिकेलटन और ऐडन मार्करम क्रीज पर हैं। टीम ने 1 ओवर में 1 विकेट खोकर 1 रन बना लिया है। रीजा हेंड्रिक्स पहले ही ओवर में आउट हो गए, उन्हें अर्शदीप सिंह ने बोल्ड किया। हेंड्रिक्स खाता भी नहीं खोल सके। तिलक ने लगातार दूसरे टी-20 में शतक लगाया, वहीं सैमसन एक साल में 3 टी-20 शतक लगाने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बने। भारत से पहली बार टी-20 इंटरनेशनल की एक पारी में 2 प्लेयर्स ने शतक लगाए हैं। टी-20 फॉर्मेट में यह तीसरी बार हुआ। भारत ने 20 ओवर में 283 रन बनाए। यह साउथ अफ्रीका के खिलाफ सबसे बड़ा टी-20 स्कोर है। इससे पहले वेस्टइंडीज ने 2023 में 3 विकेट खोकर 258 रन बनाए थे। हालांकि, तब साउथ अफ्रीका ने 19 ओवर में ही टारगेट चेज कर लिया था।

टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी टीम इंडिया से संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ने ओपनिंग की। अभिषेक को ओवर की चौथी ही गेंद पर जीवनदान मिल गया। मार्को यानसन की बॉल पर रीजा हेंड्रिक्स ने स्लिप में उनका कैच छोड़ा। अभिषेक इस वक्त खाता भी नहीं खोल सके थे। टीम इंडिया ने 5वें ओवर में ही अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। अभिषेक शर्मा ने एंडिले सिमेलाने के खिलाफ ओवर की पहली बॉल पर सिक्स लगाया। इसी के साथ टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंच गया। अभिषेक ने इस ओवर में 3 छक्के और 1 चौका लगाकर 24 रन बनाए। अभिषेक शर्मा पावरप्ले के आखिरी ओवर में कॉट बिहाइंड हो गए, उन्हें लुथो सिपामला ने पवेलियन भेजा। अभिषेक ने 18 गेंद पर 36 रन बनाए, उन्होंने अपनी पारी में 2 चौके और 4 छक्के लगाए।

## पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में चैम्पियंस ट्रॉफी रैली नहीं होगी : आईसीसी

इस्लामाबाद, 15 नवंबर। अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की आपत्ति के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को चैंपियंस ट्रॉफी रैली पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में कराने से रोक दिया है।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखकर घोषणा की थी कि चैंपियंस ट्रॉफी की रैली 16 से 24 नवंबर तक पूरे पाकिस्तान सहित स्कार्दू, मरी, हुंजा और मुजफ्फराबाद जैसे स्थान से हो कर गुजरेंगी।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की आपत्ति के बाद आईसीसी ने पाकिस्तान के कब्जे वाले (पीओके) के अंतर्गत आने वाले स्कर्दू, मुरी और मुजफ्फराबाद में 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की रैली को रद्द कर दिया है। आईसीसी का कहना है कि चैंपियंस ट्रॉफी किसी भी विवादित स्थान पर नहीं जाएगी।

इससे पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने सुरक्षा संबंधी कारणों हवाला देते हुए चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भारतीय टीम के पाकिस्तान दौरे से इनकार कर दिया था। इस बारे में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद अवगत करा दिया था।



## मैच सिमुलेशन के दौरान के.एल. राहुल के कोहनी में लगी चोट

पर्थ, 15 नवंबर। वाका स्टेडियम में इंट्रा-स्क्वाड मैच सिमुलेशन के दौरान केएल राहुल को उनकी कोहनी में चोट के कारण रिटायरहर्ट होना पड़ा। चोट की गंभीरता का अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है लेकिन यह स्पष्ट है कि किसी बड़ी चोट की आशंका के कारण उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा।

तीन दिन वाका के नेट्स में बिताने के बाद भारत ने श्रृंखला की शुरुआत से एक हफ्ते पहले ऑप्टस स्टेडियम में अपने मुख्य खिलाड़ियों को मैदान पर उतारकर अपनी तैयारियों पर जोर दिया है। इस इंट्रा-स्क्वाड मैच सिमुलेशन में विरोधी टीम के रूप में भारत ए और कुछ अन्य खिलाड़ियों को शामिल किया गया था। मैच में यशस्वी जायसवाल के साथ राहुल ओपनिंग की जो इस बात के संकेत हैं कि अगर रोहित पहला टेस्ट नहीं खेलते हैं तो राहुल और यशस्वी ओपन करेंगे। राहुल अच्छे फॉर्म में है और शॉर्ट बॉल को भी अच्छी तरह से संभाल रहे थे। लेकिन तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की एक उठती हुई गेंद से उनकी दाहिनी कोहनी पर चोट लगी। चोट के बाद वह दर्द में दिखे और मेडिकल सहायता लेने के बाद मैदान से चले गए।

## अंशुल काम्बोज ने रणजी की एक ही पारी में झटके रिकॉर्ड दस विकेट



रोहतक, 15 नवंबर। हरियाणा के युवा गेंदबाज अंशुल काम्बोज ने रणजी ट्रॉफी में इतिहास रचते हुए एक पारी में 10 विकेट लेकर नया रिकार्ड बनाया। अंशुल को यह उपलब्धि केरल के खिलाफ अपनी टीम के पांचवे दौर के मैच में हासिल हुई। इस के साथ ही वह रणजी ट्रॉफी के इतिहास में एक पारी में सभी 10 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बन गये हैं। अंशुल ने 30.1 ओवर में 49 रन देकर 10 विकेट झटकते हुए यह रिकार्ड बनाया।

इससे पहले रणजी ट्रॉफी में 1956-57 में प्रेमांगसु चटर्जी और 1985-86 में राजस्थान के प्रदीप सुंदरमिन ने यह कारनामा किया था। इसके अलावा सुबाष गुप्ते (1954-55), अनिल कुम्बले (1998-99) और देबासिस मोहंती (2000-01) ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में इस उपलब्धि को हासिल कर चुके है। पिछले वर्ष अंशुल ने दलीप ट्रॉफी में इंडिया बी और इंडिया सी के बीच मुकाबले की एक ही पारी में 69 रन देकर आठ विकेट लिये थे।

पूर्व गेंदबाज कोच पारस का बयान

## ऑस्ट्रेलिया में बुमराह नहीं खेलेंगे पांचों टेस्ट, शमी की कमी खलेगी

नई दिल्ली, 15 नवम्बर। भारत के पूर्व बॉलिंग कोच पारस का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई टीम इंडिया को मोहम्मद शमी की कमी खलेगी। बता दें कि, शमी 2023 वर्ल्ड कप के दौरान चोटिल हुए थे और उसके बाद से करीब एक साल से क्रिकेट मैदान से दूर रहे। हाल में उन्होंने रणजी ट्रॉफी के साथ क्रिकेट मैदान पर वापसी की है। लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में उन्हें मौका नहीं मिला है। वहीं पारस ने ये भी कहा है कि उन्हें नहीं लगता है कि जसप्रीत बुमराह ऑस्ट्रेलिया में पांचों टेस्ट मैच खेल पाएंगे। भारतीय क्रिकेट टीम को 22 नवंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज का आगाज करना है। पारस ने कहा कि, क्या आपको लगता है कि शमी के अनुभव को देखते हुए हमारे पास एक बड़े एक्स फैक्टर की कमी है? शमी जैसे खिलाड़ी की कमी हमेशा खलेगी। यही सही बात है। उसके पास उस तरह की स्किल्स हैं जिसे वह टीम में लाता है, अनुभव। जाहिर है, जब समी और बुमराह मिल जाते हैं तो ये जोड़ी खतरनाक हो जाती है। भारत को शमी की काफी कमी खलने वाली है ये तो हर कोई जानता है। लेकिन अगर इसका दूसरा पहलू देखा जाए।

# जयपुर व श्रीगंगानगर दोनों वर्गों के क्वार्टरफाइनल में

## राज्य सब जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता



जयपुर, 15 नवंबर। जालोर में गुरुवार से शुरू हुई चार दिवसीय 29वी राजस्थान राज्य सब जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता-2024-25 में दूसरे दिन खेले गये लीग मैचेस में जीत दर्ज करते हुए जयपुर एवं श्रीगंगानगर ने दोनों वर्गों बालक व बालिका वर्ग के क्वार्टर फाइनल में पहुँच गयी। शनिवार को सुबह के सत्र में क्वार्टर फाइनल मैचेस होंगे। जबकि शाम के सत्र में सेमीफाइनल मैचेस खेले जायेंगे।

क्वार्टर फाइनल लाइन अप, बालक वर्ग:-जयपुर बनाम एसटीसी नोजगे, श्रीगंगानगर बनाम चित्तौड़गढ़, सीकर बनाम माही हैंडबॉल अकैडमी-बांसवाड़ा, महाराणा प्रताप हैंडबॉल अकैडमी-चित्तौड़गढ़ बनाम ज्ञान ज्योति हैंडबॉल अकैडमी-श्रीगंगानगर। बालिका वर्ग:- श्रीगंगानगर बनाम जोधपुर, हनुमानगढ़ बनाम भीलवाड़ा, जयपुर बनाम बाड़मेर, चूरू बनाम झुंझुनू।

शुक्रवार को खेले गये लीग मैचेस के परिणाम:- बालक वर्ग:- चित्तौड़गढ़ ने करौली को 15- 11 से, महाराणा प्रताप चित्तौड़गढ़ हैंडबॉल अकादमी ने भरतपुर को 5-1 से, जयपुर ने सिरोही को 12-5 से, श्री गंगानगर में सवाई माधोपुर को 9-4 से, अजमेर ने डूंगरपुर को 7-2 से, दुलमाना हैंडबॉल अकादमी ने झुंझुनू को 12-11 से, जालौर ने भरतपुर को 5-3 से, ज्ञान ज्योति हैंडबॉल अकादमी ने अजमेर को 15-8 से, चूरू ने दुलमाना हैंडबॉल अकादमी को 11-2 से, चित्तौड़गढ़ ने भोम सिंह हैंडबॉल अकादमी को 7-1 से, अलवर में भरतपुर को 14- 6 से, अजमेर ने झालावाड़ को 5-0 से, माही हैंडबॉल अकादमी ने दुलमाना हैंडबॉल अकादमी को 11- 10 से, चित्तौड़गढ़ ने भीलवाड़ा को 15-12 से, जैसलमेर ने भरतपुर को 15-9 से, ज्ञान ज्योति हैंडबॉल अकादमी ने झालावाड़ को 11-0 से, भीलवाड़ा ने भोम सिंह हैंडबॉल अकादमी को 17-3 से, जैसलमेर ने अलवर 14-11 से, ज्ञान ज्योति हैंडबॉल अकादमी ने डूंगरपुर को 7-0 से, चूरू ने झुंझुनू को 16-15 से, ज्ञान ज्योति हैंडबॉल अकादमी ने सिरोही को 08-01 से, हनुमानगढ़ ने भोम सिंह हैंडबॉल अकादमी को 8-3 से, अलवर ने जालौर को 10-2 से, एसटीसी नोजगे ने जैसलमेर को 22-4 से, डूंगरपुर दे झालावाड़ को 5-0 से, भीलवाड़ा में हनुमानगढ़ को 17-13 से, सीकर ने हनुमानगढ़ को 19-17 से, एसटीसी नोजगे ने जालौर को 13-9 से, सिरोही ने अजमेर को 19-12 से, श्रीगंगानगर में झुंझुनू को 14-3 से हराया।

बालिका वर्ग:- अलवर ने बीकानेर को 12-0 से, बाड़मेर ने सीकर को 7-3 से, भीलवाड़ा में महाराणा प्रताप हैंडबॉल एकेडमी चित्तौड़ को 13-9 से, दुलमाना हैंडबॉल अकादमी ने चित्तौड़गढ़ को 11-9 से, श्रीगंगानगर में बीकानेर को 7-3 से, हनुमानगढ़ ने सीकर को 12-9 से, जयपुर ने महाराणा प्रताप हैंडबॉल एकेडमी चित्तौड़ को 8-3 से, चूरू ने चित्तौड़गढ़ को 8-3 से, भीलवाड़ा में डूंगरपुर को 14-4 से, बाड़मेर ने जालौर को 11-5 से, झुंझुनू ने अलवर को 6-3 से हराया। जोधपुर व दुलमाना हैंडबॉल

## इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को तीन विकेट से हराया



ग्रॉस आइसलेट, 15 नवंबर। साकिब महमूद और जेमी ओवर्टन (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद सैम करन (41) और लियम लिविंगस्टन (39) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को तीसरे टी-20 मुकाबले में शुक्रवार को तीन विकेट से जीत दर्ज करते हुए पांच मैचों की सीरीज में 3-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं। 146 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसने 5.3 ओवर में 37 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिये।

## राजस्थान के पार्थ यादव का दोहरा शतक व मनय कटारिया की शतकीय पारी

जयपुर, 15 नवम्बर। बीसीसीआई के घरेलू क्रिकेट सत्र 2024-25 की राष्ट्रिय क्रिकेट प्रतियोगिता के जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम पर राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में खेले जा रहे हुए राजस्थान-महाराष्ट्र अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी मैच के तीसरे दिन राजस्थान के सलामी बल्लेबाज पार्थ यादव के दोहरे शतक व मनय कटारिया की शानदार शतकीय पारियों की सहायता से राजस्थान ने पहली पारी में विशाल बढ़त प्राप्त करते हुए मैच में अपनी पकड़ बनाई। राजस्थान के लिए सलामी जोड़ी पार्थ यादव व मनय कटारिया के मध्य हुई पहले विकेट के 321 रनो की साझेदारी कूच बिहार ट्रॉफी में राजस्थान के लिए रिकार्ड साझेदारी है।




इससे पूर्व का पहले विकेट की साझेदारी का रिकार्ड 303 रनो का था जो सुमित गोदारा-हर्षवर्धन ने 2021-22 सत्र में बड़ोदा के विरुद बनाया था।

**राजस्थान-उत्तराखंड रणजी मैच**

देहरादून में खेले जा रहे राजस्थान-उत्तराखडं रणजी मैच के तीसरे दिन राजस्थान के गेंदबाज अनिकेत चौधरी, अजय सिंह कुकना व दीपक चाहर की शानदार गेंदबाजी की सहायता से मैच में राजस्थान की पकड़ मजबूत।

राजस्थान पहली पारी 660/7 पारी घोषित, राजस्थान के लिए महिपाल लोमरोर नाबाद 300, कार्तिक शर्मा 113, भारत शर्मा 54, अजय सिंह कुकना नाबाद 40, दीपक चाहर 35, राम मोहन चौहान 29, जुबेर अली 26, अभिजीत तोमर 20 व दीपक हुड्डा 10 रनो का योगदान दिया। आज मैच के तीसरे दिन राजस्थान के गेंदबाज अजय सिंह कुकना, अनिकेत चौधरी व दीपक चाहर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए मैच में राजस्थान की पकड़ मजबूत की।

## 78वीं राष्ट्रीय सीनियर फुटबॉल चैम्पियनशिप संतोष ट्रॉफी जयपुर 2024-25 की राजस्थान टीम घोषित



जयपुर, 15 नवंबर। अखिल भारतीय फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित होने जा रही 78वीं राष्ट्रीय सीनियर फुटबॉल चैंपियनशिप संतोष ट्रॉफी 2024-25 हेतु राजस्थान फुटबॉल टीम घोषित की। राजस्थान की टीम ग्रुप 1 में है और राजस्थान फुटबॉल संघ ग्रुप 1 के मैच आयोजित करवा रहा है। यह चैंपियनशिप दिनांक 16 नवंबर 2024 से 20 नवंबर 2022 तक जयपुर के रॉयल फुटबॉल क्लब के मैदान पर आयोजित होगी।

राजस्थान फुटबाल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि ग्रुप 1 के अंतर्गत मेजबान राजस्थान सहित महाराष्ट्र, गुजरात और दादर नगर हवेली एवं दमनदीव - चार टीमों के लीग मैच क्रमशः 16, 18 और 20 नवंबर को खेले जाएंगे। राजस्थान टीम का पहला मैच कल प्रातः 9:00 बजे महाराष्ट्र से होगा। सभी मैचों का सीधा प्रसारण किया जाएगा।

इस अवसर पर टीम किट वितरण समारोह में राजस्थान फुटबाल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत, राजस्थान फुटबॉल महिला विंग की चेयरपर्सन श्रीमती रोशनी टांक,और प्रचार ग्रुप के डायरेक्टर जितेंद्र सिंह प्रचार, राजस्थान टीम के खिलाड़ियों को किट प्रदान किया और अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

टीम इस प्रकार है - अल्ताफ (कप्तान), गौरव (उप कप्तान), अंकित, इमरान, विशाल, अमनदीप, कृष्णा, लोकेन्द्र, सौरभ छेत्री, नितेश, अमित, अमन, युवराज, मुकेश, सोमवीर, निशांत, यश, रुद्रराज, परवेज, तैय्यब, हर्षित और करण। टीम के प्रशिक्षक कुनाल, सहायक प्रशिक्षक नरेंद्र, टीम मैनेजर सुनील राव और फिजियो गौतम पारीक है।

## 2022 में 75वीं संतोष ट्रॉफी के फाइनल राउंड में पहुंचकर राजस्थान ने इतिहास रचा था

जयपुर, 15 नवम्बर। संतोष ट्रॉफ़ी की शुरुआत भारतीय फुटबॉल संघ ने साल 1941 में की थी। संतोष ट्रॉफी का नाम संतोष (अब बांग्लादेश में) के पूर्व महाराजा सर मन्मथ नाथ रॉय चौधरी के नाम पर रखा गया है, जो भारतीय फुटबॉल के एक महान खिलाड़ी थे,जिनकी मृत्यु 1939 में 61 वर्ष की आयु में हो गई थी। महाराजा रॉय चौधरी प्रतिष्ठित ईस्ट बंगाल फुटबॉल क्लब के संस्थापक सदस्यों में से एक थे, उन्होंने कई वर्षों तक आईएफए के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया और भारतीय फुटबॉल के प्रारंभिक वर्षों के दौरान इसके सबसे बड़े संरक्षकों में से एक थे।

बहुत कम लोग जानते होंगे कि नागेंद्र प्रसाद सर्वाधकारी, जिन्हें भारतीय फुटबॉल के पिता के रूप में जाना जाता है, ने अपने सहपाठियों को अपने स्कूल परिसर में यह खेल खेलने के लिए मजबूर किया था। स्कूल में लड़कों के उत्साह से आकर्षित होकर, स्कूल और आस-पास के कॉलेजों के यूरोपीय शिक्षकों ने नागेंद्र प्रसाद और उनके साथियों को कलकत्ता के आसपास के छात्रों के बीच इस खेल को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया।

राजस्थान फुटबॉल टीम, जिसे पहले राजपुताना फुटबॉल टीम भी कहा जाता था, एक भारतीय फुटबॉल टीम है जो संतोष ट्रॉफी सहित भारतीय राज्य फुटबॉल प्रतियोगिताओं में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करती है। राजस्थान की फ़ुटबॉल टीम ने अभी तक संतोष ट्रॉफ़ी नहीं जीती है. हालांकि, साल 2022 में 75वीं संतोष ट्रॉफ़ी के फ़ाइनल राउंड में पहुंचकर राजस्थान ने इतिहास रचा था, संतोष ट्रॉफी 2022-23 का फाइनल सऊदी अरब के रियाद में खेला गया, यह पहली बार था जब घरेलू खिताब का फैसला विदेश में हुआ।

जयपुर के लिए यह गर्व की बात है कि दूसरी बार संतोष ट्रॉफी टूर्नामेंट के आयोजन की जिम्मेदारी मिली है। यह पुरुषों के लिए राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप है। इससे पहले, भारतीय फुटबॉल परिदृश्य में डूरंड कप, रोवर्स कप और आईएफए शील्ड जैसे टूर्नामेंट होते थे, लेकिन ये सभी क्लबों के लिए थे।

रोवर्स कप (1890 में शुरू हुआ) और डूरंड कप (1888 में शुरू हुआ) जैसी प्रतियोगिताएं जारी रहीं, लेकिन संतोष ट्रॉफी की चमक कम नहीं हुई, क्योंकि इसमें राष्ट्रीय टीम के कोच और खिलाड़ी भाग लेते थे। भारतीय फुटबॉल टीम के पहले कोच बलाई दास चटर्जी ने 1959 से 1969 के बीच बंगाल के साथ छह बार संतोष ट्रॉफी जीती। 1962 के एशियाई खेलों में भारत की स्वर्ण पदक विजेता टीम में लगभग आधे में संतोष ट्रॉफी चैंपियन पीटर थंगराज, चुन्नी गोस्वामी, पीके बनर्जी, डी. एथिराज, तुलसीदास बलराम और प्रद्युत बर्मन शामिल थे।ओ. चंद्रशेखर का नाम भी इस सूची में जुड़ गया जब उन्होंने 1963 में महाराष्ट्र के साथ ट्रॉफी जीती।

### क्या राजस्थान फुटबॉल टीम इस बार भी इतिहास रचेगी?

*राजस्थान जैसे राज्य में कम से कम 5 से 7 हजार फुटबॉल खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन होगा लेकिन क्या आज तक 22 खिलाड़ियों की ऐसी फुटबॉल रणजी टीम नही बनी जो रणजी ट्रॉफी का खिताब जीत सके। आज होने वाले मैच से ये साबित होगा कि 2022 की टीम के बाद टीम फाइनल तक पहुँच सकती है या नहीं। राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह का कहना है कि जिन खिलाड़ियों को हम एक कैम्प लगाकर एक महीने भर की प्रैक्टिस कराकर टूर्नामेंट में खेलने भेजते है। वहीं राजस्थान के अलावा ओर राज्यों में साल भर सरकारी सहायता के साथ खिलाड़ियों को एक ही जगह रख कर रोजाना प्रैक्टिस करवाई जाती है। हमारे यहां राजस्थान के अलग अलग शहरों ओर गांवों से लड़के आते है। इनमे से कई कॉलेज में अपनी पढ़ाई करते हैं, वो साल भर के लिए उपलब्ध नही हो सकते। नाही हमें सरकारी सहायता इतनी नही मिलती जितनी ओर राज्यों में फुटबॉल के खिलाड़ियों को मिलती है। हम सरकार से इस विषय मे बातचीत करेंगे जिससे हमारे खिलाड़ियों को भी हर प्रकार की सहायता मिल सके।*

### संतोष ट्रॉफी जीतने वाली टीमों का रिकॉर्ड

संतोष ट्रॉफी सबसे अधिक बार 76 संस्करणों में, पश्चिम बंगाल 32 जीत और 14 उपविजेता के साथ सबसे सफल टीम है, जो कुल 46 बार फाइनल में पहुंची है। संतोष ट्रॉफी में अगली सर्वश्रेष्ठ टीम पंजाब है, जिसने कुल 16 बार फाइनल में जगह बनाई है और 8 बार खिताब जीता है। केरल और सर्विसेज 7-7 खिताबों के साथ अगली सर्वश्रेष्ठ टीमें हैं, जबकि गोवा (5), कर्नाटक (5), महाराष्ट्र (4), रेलवे (3) और आंध्र प्रदेश (3) ने भी कई बार खिताब जीता है। दिल्ली, मणिपुर और मिजोरम ने अब तक एक-एक बार खिताब जीता है। इसके अलावा, 1982-83 के संस्करण में, मैच नियमित समय और अतिरिक्त समय में 0-0 से समाप्त होने के बाद ट्रॉफी पश्चिम बंगाल और गोवा द्वारा साझा की गई थी।



बांसवाड़ा में जनजातीय गौरव दिवस समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पारम्परिक वाद्ययंत्रों तथा उनके संगीत को देखा।

# मुख्यमंत्री भजनलाल ने जनजातीय गौरव दिवस बांसवाड़ा में मनाया

## उन्होंने कहा बागड़ अंचल के आदिवासी वीरों ने गोविन्द गुरु के नेतृत्व में स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया

■ मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने जनजाति क्षेत्र के लिये सात नवीन आश्रम छात्रावास, एक नवीन खेल अकादमी, तीन नवीन आवासीय विद्यालय और 250 नवीन मां-बाड़ी केन्द्र स्वीकृत किये हैं।

बांसवाड़ा/जयपुर, 15 नवम्बर। शुक्रवार को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर बांसवाड़ा जिले के गोविन्द गुरू महाविद्यालय मैदान में आयोजित "नवादि युगधारा प्रणेता समागम" कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि, भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस मना रहे हैं। भगवान बिरसा मुंडा ने अपना जीवन भारत के स्वतंत्रता संग्राम, विरासत और संस्कृति को समर्पित कर दिया था। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राज्य सरकार वागड़ क्षेत्र के विकास के लिए कृतसंकल्प है।

मुख्यमंत्री ने कहा, जनजातीय गौरव दिवस देशवासियों के लिए भारत के स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्र निर्माण में आदिवासी समुदायों के योगदान को स्मरण करने का अवसर है। राजस्थान के आदिवासी वीर योद्धा महाराणा प्रताप के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़े और अपनी जन्म-भूमि के गौरव के लिए मर-मिटे थे। वागड़ अंचल में गोविंद गुरु के नेतृत्व में आदिवासी वीरों ने अंग्रेजों की गुलामी से लड़ने का काम किया। वागड़ की धरती पर मानगढ़ धाम 1500 से अधिक आदिवासी वीरों के बलिदान का साक्षी है। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं से देश के करोड़ों आदिवासी परिवारों का जीवन आसान हुआ है। प्रधानमंत्री ने "पीएम-जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान- जनमन"की शुरूआत की है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से देशभर में 63 हजार आदिवासी गांवों में 5 करोड़ से अधिक लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार डूंगरपुर में डूंगर बरंडा और बांसवाड़ा में बांसिया चारपोटा जनजातीय नायकों के स्मारकों का निर्माण तथा उदयपुर में वीर बालिका कालीबाई संग्रहालय का निर्माण करेगी। अनुसूचित जनजाति के विकास के लिए टी.एस.पी. फंड की राशि 1 हजार करोड़ से बढ़ाकर एक हजार 500 करोड़ रुपये कर दी है। खेल अकादमियों में छात्र-छात्राओं की मैस भत्ता राशि को बढ़ाकर 4 हजार रूपये प्रतिमाह किया है। उन्होंने कहा कि हम शाहबाद-बारां में सहरिया जनजाति के लिए तीरंदाजी व एथलैटिक्स खेल अकादमी की स्थापना करेंगे। साथ ही, 7 नवीन आश्रम छात्रावास, 1 नवीन खेल अकादमी, 3 नवीन आवासीय विद्यालय एवं 250 नवीन मां-बाड़ी केन्द्र स्वीकृत किये गए हैं।

शर्मा ने कहा कि वनाधिकार अधिनियम के तहत वन क्षेत्रों में निवास करने वाले आदिवासियों व परम्परागत वन निवासियों के कल्याण के लिए गोविन्द गुरू जनजातीय क्षेत्रीय विकास योजना की घोषणा की गई थी, जिसका शुभारंभ आज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 15 नवम्बर से 26 नवम्बर तक प्रदेश में जनजातीय गौरव दिवस पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार वागड़ क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। यहां रेलवे, हाईवे, विद्यालय जैसे कार्यों से विकास को बढ़ाया जा रहा है। महाराणा प्रताप सर्किट एवं धार्मिक सर्किट भी बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीतामाता अभयारण्य, त्रिपुरा सुंदरी, बेणेश्वर धाम और मानगढ़ धाम को जोड़ते हुए पर्यटन सर्किट बनाने एवं इस क्षेत्र को औद्योगिक रूप से बढ़ावा देकर यहां के युवाओं को रोजगार देने का काम हमारी सरकार करेगी।

शर्मा ने समारोह में दो राजसखियों को 114 करोड़ रुपये का चैक प्रदान किया। उन्होंने आदिवासी जनजातीय क्षेत्र में उन्नत किसान, महिला उद्यमी, शिक्षा, खेल, कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करने वाली पांच-पांच प्रतिभाओं सहित, नवाचार करने वाले दो व्यक्तियों को पुरस्कार से सम्मानित किया।

उन्होंने मेला मैदान में लगाई गईं स्टॉल्स एवं प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री को आदिवासी अंचल की पहचान, मांडना चित्र और तीर कमान भेंट किया गया। शर्मा ने इस अवसर पर गोविन्द गुरू जनजातीय क्षेत्रीय विकास योजना की पुस्तिका का भी विमोचन किया।

कार्यक्रम में जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, विधायक कैलाशचन्द्र मीणा एवं शंकरलाल डेचा, सचिव जनजाति क्षेत्रीय विकास भानु प्रकाश एटूरू सहित, बड़ी संख्या में आदिवासी अंचल के आमजन मौजूद थे।

## यूपी में ट्रेन को पटरी से उतारने की साजिश विफल

लखनऊ, 15 नवंबर। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में ट्रेन को डिरेल करने की साजिश सामने आई है। सहरानपुर-अंबाला रेल खंड पर सरसावा रेलवे स्टेशन के नजदीक 'पेंड्रोल क्लिप' खोलकर पटरी पर रख दी गई। इसकी सूचना मिलते, ही ट्रेनों का परिचालन रोक दिया गया। अधिकारियों, शुक्रवार को यह जानकारी दी।

■ सहारनपुर अंबाला रेलखंड पर सरसावा स्टेशन के पास किसी ने पेंड्रोल क्लिप खोलकर पटरी पर रख दी थी। यह क्लिप स्लीपर को पटरी से जोड़ती है।

अधिकारियों ने बताया कि घटना गुरुवार रात की है, जब रेलवे सुरक्षा बल के गश्ती दल ने सरसावा रेलवे स्टेशन के निकट खंभा नंबर-199 के पास 'पेंड्रोल क्लिप' को पटरियों के ऊपर रखा देखा। इसके बाद, उन्होंने तुरंत उच्चाधिकारियों को इसकी सूचना दी। 'पेंड्रोल क्लिप' स्लीपर और पटरियों को आपस में जोड़ने का काम करती है। इसके न होने से हादसे का खतरा हो सकता है।

अंबाला मंडल के मंडल रेल प्रबंधक, राजकीय रेलवे पुलिस, आर.पी.एफ. के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। आर.पी.एफ. ने अज्ञात लोगों के खिलाफ रेलवे अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस मामले पर डी.आर.एम. मंदीप सिह ने कहा, 'इस बात की जांच की जा रही है कि यह किसी की शरारत है या किसी ने साजिश के तहत 'पेंड्रोल क्लिप' को खोलकर पटरियों पर रख दिया।'

## 'राहुल गाँधी का...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कि हैलिकॉप्टर उड़ान में देरी राजनीति से प्रेरित थी। सूत्रों के अनुसार, हैलिकॉप्टर को उड़ान के लिए दी जाने वाली क्लियरैंस, जमुई (बिहार) में प्रधानमंत्री की रैली के कारण रोकी गई थी, जिसके कारण क्षेत्र में एयरस्पेस उपलब्धता प्रभावित थी। इक्यासीय सीटों वाली झारखंड विधानसभा के चुनावों का प्रथम चरण 13 नवम्बर को संपन्न हुआ और दूसरा चरण 20 नवंबर को है। मतगणना 23 नवम्बर को होगी।

# 20 लाख की ईनामी नक्सली मंजुला ने आत्म समर्पण किया

## उस पर 2013 में हुए छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े नरसंहार के कारण ईनाम घोषित था

■ झीरम घाटी हत्याकांड में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नन्द कुमार पटेल, पूर्व कन्द्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल सहित दर्जनों नेताओं की हत्या हुई थी।

रायपुर, 15 नवम्बर। छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े नरसंहार, झीरम घाटी हत्याकांड-2013, जिसमें कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नन्दकुमार पटेल, पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल ,बस्तर टाइगर के महेंद्र कर्मा समेत दर्जनों नेताओं की हत्या हुई थी, में शामिल 20 लाख की ईनामी नक्सली मंजुला उर्फ निर्मला ने शुक्रवार को तेलंगाना के वारंगल में पुलिस के पास आत्म समर्पण कर दिया।

मंजुला ने वारंगल में पुलिस आयुक्त के पास जाकर आत्मसमर्पण किया। ज्ञातव्य है कि झीरम कांड में छत्तीसगढ़ के कई दिग्गज कांग्रेस नेताओं को जान से हाथ धोना पड़ा था और कांग्रेस की अग्रिम पंक्ति करीब-करीब समाप्त हो गयी थी। मंजुला कुख्यात नक्सली लीडर कोडी कुमार स्वामी उर्फ आनंद एवं कोडी वेंकन्ना उर्फ गोपन्ना की बहन है और साथ ही दंडकरण स्पेशल ज़ोनल कमिटी, साउथ सब डिविज़न ब्यूरो की सदस्य है। वह 1994 में माओवादी संगठन में शामिल हुई थी और आज, यानी 15 नवंबर 2024 को उसने पुलिस के सामने आत्म समर्पण कर दिया।

गौरतलब है कि यह घटना 25 मई 2013 की है, जब छत्तीसगढ़ में एक खौफनाक और भयावह हत्याकांड हुआ था, जिसे राज्य का सबसे बड़ा राजनीतिक हत्याकांड माना जाता है। इस हमले में दिग्गज कांग्रेस नेता नंदकुमार पटेल, विद्याचरण शुक्ल, महेंद्र कर्मा, उदय मुदलियार सहित 30 कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई थी।

इस हमले के बाद, भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस, दोनों सरकारों के कार्यकाल में जांच का सिलसिला चलता रहा, लेकिन हत्याकांड के अपराधियों का पर्दाफाश तथा इसके पीछे के रहस्यों को अब तक नहीं सुलझाया जा सका है।

## प.बंगाल में टैबलेट खरीद घोटाले की जांच एस.आई.टी. करेगी

### मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, इस मामले में 6 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं

■ राज्य सरकार ने उच्चतर माध्यमिक स्कूल के प्रत्येक छात्र को टैबलेट या मोबाइल खरीदने के लिये 10 हजार बैंक खाते में भेजे थे। बहुत सारे छात्रों को धनराशि नहीं मिली, वह अन्य खातों में भेज दी गई।

कोलकाता, 15 नवंबर। पश्चिम बंगाल में टैबलेट के लिए दी जाने वाले धनराशि के दुरुपयोग से जुड़े घोटाले की जांच के लिए एस.आई.टी. गठित की गई है। इसकी जानकारी मुख्यमत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को दी। मुख्यमंत्री ममता ने कहा कि सरकार ने धोखाधड़ी की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है जिसमें टैबलेट या मोबाइल फोन खरीदने के लिए छात्रों के बैंक खातों में भेजी गई सरकारी धनराशि को अन्य बैंक खातों में भेज दिया गया था।

राज्य के उत्तरी भाग में बागडोगरा हवाई अड्डे पर ममता बनर्जी ने कहा कि इस मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। राज्य सरकार ने सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले उच्चतर माध्यमिक के प्रत्येक छात्र के बैंक खाते में 10,000 रुपये भेजे थे ताकि वह टैबलेट या मोबाइल फोन खरीद सके, लेकिन कथित गड़बड़ी के कारण उनमें से कई छात्रों को यह धनराशि नहीं मिली।

## मुंबई का संगीतकार नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार

मुंबई, 15 नवंबर। कोलकाता पुलिस की एक टीम ने यहां मुंबई के एक प्रसिद्ध संगीतकार को अपने संस्थान में नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, संगीतकार संजय चक्रवर्ती को शहर के उपनगरीय इलाके में एक फ्लैट से गिरफ्तार किया गया। उस पर यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉस्को ) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी संगीतकार को स्थानीय अदालत में पेश किया गया और अदालत ने चारु मार्केट पुलिस टीम के अधिकारी द्वारा की गई स्थानांतरित ट्रांजिट रिमांड को मंजूरी दे दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, संगीतकार ने जून में मुंबई के योग संस्थान में छात्रा से कथित तौर पर छेड़छाड़ की थी। आरोपी यहां गायन कक्षाएं संचालित करता है।

## बिहार की युवा सांसद शांभवी की अनूठी पहल

बिहार, 15 नवंबर। देश में सरकार की ओर से लड़कियों की शिक्षा के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। वहीं, अब नेताओं की ओर से निजी स्तर पर भी बेटियों के लिए बड़े कदम उठाए जा रहे हैं। बिहार की युवा लोकसभा सांसद शांभवी चौधरी ने ऐसा ही कदम उठाया है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की सांसद शांभवी चौधरी ने गुरुवार को घोषणा की है कि वह अपने लोकसभा क्षेत्र, समस्तीपुर में बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अपने पूरे पांच साल के कार्यकाल के वेतन दान करेंगी। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की अध्यक्षता वाली लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की सांसद शांभवी चौधरी की प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा चुनाव के दौरान तारीफ की थी। उन्होंने शांभवी को एनडीए का सबसे युवा उम्मीदवार बताया था।

## 'नाबालिग पत्नी से जबरन यौन संबंध बलात्कार है'

### बॉम्बे हाईकोर्ट ने आरोपी पर 10 साल की सजा बरकरार रखी

■ हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा, "18 साल से कम उम्र की लड़की से यौन संबंध बलात्कार है, चाह वह शादीशुदा हो या नहीं।"

मुंबई, 15 नवंबर। बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए 18 वर्ष से कम उम्र की पत्नी के साथ बिना सहमति के यौन संबंध बनाने को बलात्कार करार दिया है। इसके अलावा कोर्ट ने इस अपराध के लिए 10 साल कैद की सजा पाने वाले व्यक्ति की दोषसिद्धि को बरकरार रखा है। ज्ञातव्य है कि न्यायमूर्ति जी ए सनप की नागपुर पीठ ने 12 नवंबर को पारित एक आदेश में 24 वर्षीय व्यक्ति की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें सत्र अदालत के 2021 के फैसले को चुनौती दी गई थी।

दरअसल, सत्र अदालत ने आरोपी को अपनी नाबालिग पत्नी का यौन उत्पीड़न करने के मामले में यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम और भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया था। सत्र अदालत ने आरोपी को 10 साल के कारावास की सजा सुनाई थी। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि चूंकि पीड़िता उसकी पत्नी है, इसलिए उनके बीच यौन संबंध को बलात्कार नहीं कहा जा सकता।

तथापि, हाई कोर्ट ने कहा कि पत्नी की आयु 18 वर्ष से कम होने पर उसके साथ सहमति से यौन संबंध के आधार पर बचाव नहीं किया जा सकता। पीठ ने कहा, "18 साल से कम उम्र की लड़की के साथ यौन संबंध बनाना बलात्कार है, चाहे वह शादीशुदा हो या नहीं। अठारह साल से कम उम्र की पत्नी के साथ बिना सहमति के यौन संबंध बनाना बलात्कार है।"

ज्ञातव्य है कि महिला ने 2019 में एक शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उसने कहा था कि वह आरोपी के साथ रिश्ते में थी, लेकिन उसके मना करने के बावजूद उसने उसका बलात्कार किया और उसे गर्भवती कर दिया। शिकायत में कहा गया कि इसके बाद दोनों साथ रहने लगे और उन्होंने शादी कर ली, लेकिन व्यक्ति ने गर्भपात कराने पर जोर दिया।

## 'महाराष्ट्र में चुनाव आयोग ने मेरे...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पुलिस ग्राउंड हेलिपैड पर महाराष्ट्र के मुख्यमन्त्री एकनाथ शिन्दे के लगेज की चैकिंग की गई।

एकनाथ शिन्दे विधानसभा चुनाव प्रचार के सिलसिले में पालघर आये थे, जहाँ ई.सी.आई. अधिकारियों ने उनके हेलिकॉप्टर के उतरने के बाद, सुरक्षा सम्बधी सतर्कता के रूप में मुख्यमंत्री के बैग तथा हेलिकॉप्टर चैक किये थे।

विधानसभा चुनाव की तिथियाँ घोषित करते समय मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा था कि एनफोर्समेन्ट एजेंसियों को निर्देश दिये गये है कि वे चुनाव में बराबरी सुनिश्चित करने के लिये, सभी नेताओं के हेलिकॉप्टर की चैकिंग करें। उन्होंने कहा था कि इस कार्यवाही का उद्देश्य चुनावों के दौरान सत्ता के किसी भी प्रकार के अनुचित प्रभाव तथा सत्ता के दुरूपयोग को रोकना और चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता एवं पारदर्शिता को बनाये रखना है।

महाराष्ट्र की सभी 288 विधान सभा सीटों के लिए प्रचार अभियान जोर पकड़ चुका है तथा सत्तारूढ़ "महायुति" एवं विपक्षी "महा विकास अघाडी (एम.वी.एस.) मतदाताओं को अपनी ओर खींचने का प्रयास कर रहे है। मतगणना 23 नवम्बर को होगी।

## 'मैरिट के आधार पर मैडिकल...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जाएं। वहीं, अदालत ने याचिकाकर्ताओं से कम मेरिट वाले निजी पक्षकारों को किए गए सीट आवंटन को निरस्त करने को कहा है। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश रोहित चौधरी व अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता तनवीर अहमद ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ताओं ने नीट यूजी-2024 में मेरिट में उच्च स्थान प्राप्त किया था। कोविड महामारी के कारण सरकार ने उन्हें कक्षा 11वीं से अगली कक्षा में प्रमोट कर दिया था, जिसके चलते उन्हें मिले प्रमाण पत्र में विषयों का उल्लेख नहीं था। याचिकाकर्ताओं को गत 28 अक्टूबर को तीन घंटे के लिए आयोजित नीट के स्ट्रे वैकेंसी राउंड में दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया गया, जहां उन्हें यह कहते हुए कॉलेज आवंटित नहीं किया कि उनकी 11वीं अंकतालिका में बायोलॉजी विषय का उल्लेख नहीं है। दूसरी ओर, याचिकाकर्ताओं से कम मेरिट वाले अभ्यर्थियों को कॉलेज आवंटित कर दिये गये। वहीं, राज्य सरकार, एन.एम.सी. और एन.टी.ए. की ओर से कहा गया कि एम.बी.बी.एस. में प्रवेश के लिए कक्षा 11वीं में तय विषय होने चाहिए, जबकि याचिकाकर्ताओं के पास मौजूद दस्तावेजों में बायोलॉजी विषय का उल्लेख नहीं था। जिन दूसरे अभ्यर्थियों के पास तय विषय से 11वीं पास होने के दस्तावेज थे, उन्हें सीट आवंटित कर दी गई थी। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने याचिकाकर्ताओं को मेरिट के आधार पर सीट आवंटित करने और कम मेरिट वाले निजी पक्षकारों का आवंटन निरस्त करने को कहा है।

## हाईकोर्ट बार...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

हिस्सा हैं, लेकिन न्यायपालिका को केवल न्यायाधीशों से ही नहीं जाना जाता। यह न्यायाधीश और वकीलों का संगठित क्षेत्र है। अधिवक्ताओं के बिना न्यायपालिका अधूरी है और बार व बेंच न्यायपालिका की गाड़ी के दो पहिए हैं।

उन्होंने कहा कि आज करीब 27 लाख वकील आमजन को न्याय दिलाने के कर्तव्य का निर्वहन कर रहे हैं। इसलिए बेंच को हमेशा वकीलों को उचित सम्मान देना चाहिए। बार व बेंच के मधुर संबंध होने से आमजन को न्याय प्रदान करने में गति मिलेगी।

## 'अमरनाथ बस...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

की मौत हुई और 47 अमरनाथ यात्री जख्मी हो गए। यह दुर्घटना बस चालक की गलती से हुई थी और जांच में पुलिस ने भी चालक को ही दोषी माना था।

ऐसे में विपक्षी जम्मू-कश्मीर स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन क्षतिपूर्ति राशि देने के लिए उत्तरदायी हैं। याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने याचिकाकर्ताओं को हर्जाना राशि देने को कहा है।

## कर्नाटक में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

विधान सौधा भवन जहां मुख्यमंत्री का 70 साल पुराना कार्यालय है इसकी मरम्मत की जरूरत है। कांग्रेस ने कहा, यह फिज़ूल खर्च नहीं है, यह राज्य की सम्पत्ति है, जो भी मुख्यमंत्री बनेगा इसका इस्तेमाल करेगा। भाजपा ने कहा कि खर्च जब मंत्री शिकायत कर रहे हैं कि उनके पास विकास कार्यों के लिए फंड नहीं है ऐसे में सारा फालतू खर्च कर रही है।

## पंजाब व हरियाणा के बीच एक...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

निर्माण के लिये, हरियाणा को पंजाब की एक इंच जमीन नहीं दी जानी चाहिये।"

कटारिया दोहरी भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं क्योंकि केन्द्रशासित चंडीगढ़ के प्रशासक भी हैं। इस समय, पंजाब और हरियाणा राज्यों कि अलग-अलग विधानसभाएं चंडीगढ़ के एक कॉमन बिल्डिंग कॉम्पलेक्स में ही स्थित है। यह भवन पंजाब और हरियाणा सिविल सेक्रेटेरिएट से सटा हुआ है। हरियाणा में इस समय 90 विधायक है।

यह संख्या परिसीमन के बाद 120 हो सकती है। हरियाणा के उर्जा, यातायात एंव श्रम मन्त्री अनिल विज ने कहा "हम अपनी भविष्य की आवश्यकताओं के लिए तैयारी कर रहे है।" दूसरी तरफ, पंजाब नेता संघर्ष पर उतारू हो रहे हैं। विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर, उनसे अनुरोध किया है कि चंडीगढ़ पर पंजाब के अधिकारिक दावे स्वीकार किये जायें।

एस.ए.डी. के प्रवक्ता दलजीत सिंह चीमा ने कहा है कि केन्द्र का यह निर्णय, जिसके अर्न्तगत हरियाण को चंडीगढ़ के साथ भूमि की अदला-बदली को अनुमति भी दे दी है, "असंवैधानिक" है। क्योंकि राज्य की सीमाओं को बदलने का अधिकार केवल संसद के पास है। पंजाब आप के प्रवक्ता नील गर्ग ने आरोप लगाया है कि केन्द्र "पंजाब के विरूद्ध षडयन्त्र" कर रहा है।

# प्रधानमंत्री के विमान में तकनीकी खराबी आई

## साढ़े तीन घंटे बाद दूसरे विमान से मोदी दिल्ली गये

■ प्रधानमंत्री बिरसा मुंडा की 150 वीं जयन्ती में भाग लेने बिहार के जमुई गये थे।

रांची,15 नवंबर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विमान में आज तकनीकी खराबी आने के बाद वायुसेना का दूसरा विमान दिल्ली से देवघर एयरपोर्ट पहुंचा और इसके बाद प्रधानमंत्री दिल्ली के लिए रवाना हुए। देवघर एयरपोर्ट से प्रधानमंत्री बिहार के जमुई गए थे और वहां बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आयोजित समारोह में शिरकत करने के बाद वे देवघर एयरपोर्ट से दिल्ली रवाना होनेवाले थे, लेकिन विमान में तकनीकी दिक्कत आ गयी थी।

प्रधानमंत्री मोदी का विमान साढ़े तीन घंटे बाद देवघर एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए उड़ा। करीब शाम पांच बजे मोदी वायुसेना के विमान से दिल्ली रवाना हुए। प्रधानमंत्री के विमान में तकनीकी खराबी की सूचना पर 4:10 बजे दिल्ली से दूसरा विमान मंगाया गया। विमान के देवघर पहुंचते ही मोदी दिल्ली के लिए रवाना हो गए। इससे पहले, देवघर एयरपोर्ट से टेक ऑफ के लिए जैसे ही विमान आगे बढ़ रहा था, उसी दौरान सीनियर पायलट को पहिए में तकनीकी खराबी की जानकारी मिली। उसके बाद विमान को रोका गया और सभी को अलर्ट कर विमान को धीरे-धीरे टर्मिनल की ओर लाया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री विमान में ही बैठे रहे। वायुसेना का दूसरा विमान आने के बाद वे दिल्ली के लिए रवाना हुए।

दूसरी तरफ, प्रधानमंत्री के विमान में खराबी की वजह से राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर को करीब डेढ़ घंटे तक क्लियरेंस नहीं मिलने के कारण, गोड्डा जिले के महागामा में उन्हें इंतजार करना पड़ा और इसके बाद वे बेरमो चुनाव प्रचार करने गए।

# लॉरेंस गैंग के निशाने पर है श्रद्धा वॉकर हत्याकांड का आरोपी

■ आफताब पूनावाला पर 2022 में श्रद्धा वॉकर की हत्या कर टुकड़े -टुकड़े करने का आरोप है

■ इस संबंध में मीडिया रिपोर्ट आने के बाद तिहाड़ जेल में हाई अलर्ट कर दिया गया।

नई दिल्ली, 15 नवंबर। दिल्ली में चर्चित श्रद्धा वाकर हत्याकांड के आरोपी आफताब पूनावाला को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। ऐसी रिपोर्ट सामने आई है कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग के निशाने पर आफताब पूनावाला भी है। ज्ञातव्य है कि पूनावाला पर मई 2022 में श्रद्धा वाकर की कथित तौर पर हत्या करने और फिर उसके शरीर के टुकड़े-टुकड़े करने का आरोप है। सूत्रों के अनुसार, मीडिया रिपोर्टों पर संज्ञान लेते हुए तिहाड़ जेल प्रशासन भी अलर्ट हो गया है। जेल में आफताब पूनावाला के लिए सुरक्षा उपाय बढ़ा दिए गए हैं।

तिहाड़ सूत्रों के अनुसार, जेल प्रशासन मीडिया में चल रही खबरों का संज्ञान लेते हुए आफताब पूनावाला की सुरक्षा को लेकर अलर्ट मोड में है। आफताब पूनावाला तिहाड़ जेल नंबर-4 में बंद है। तिहाड़ सूत्रों के मुताबिक मुंबई पुलिस से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है लेकिन मीडिया में आई खबरों का संज्ञान लिया गया है।

बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में पकड़े गए आरोपी शिव कुमार गौतम ने पुलिस के सामने ऐसी बात कही है कि वो आफताब को मारना चाहते हैं।

दिल्ली के छतरपुर इलाके में मई 2022 में श्रद्धा वाकर की हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद श्रद्धा के शरीर के 30 से भी ज्यादा टुकड़े कर दिए गए थे। यह घटना तब सामने आई जब श्रद्धा के पिता ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। जानकारी के मुताबिक, श्रद्धा के शरीर के टुकड़ों को फ्रिज में तीन हफ्ते तक रखा गया था और धीरे-धीरे कर के शहर के अनेक इलाकों में फेंक दिया गया था।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/28296 जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालयः राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600